दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — जीतू पटवारी ने शिवराज को...
4 अभिव्यक्ति — कोरोना का आतंक: घबराए नहीं ..
6 मनोरंजन/खेल — श्रीदेवी और अमरीश पुरी के साथ...
7 आंचलिक — बरमनिया स्कूल में चल रहा ..

www.navpradesh.com
भोपाल, शुक्रवार 06 मार्च, 2020, फाल्गुन शुक्ल पक्ष-एकादशी, विक्रम संवत-2076 वर्ष-03 अंक-297 पृष्ठ-08 मूल्य-3.00 डाक पंजीयन संख्या -म प्र /भोपाल /4-468/2018-20 मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

वैसे तो कोई भी चीनी उत्पाद ज्यादा टिकाऊ नहीं होता लेकिन चीन की उपज कोरोना वायरस ने सारी दुनिया को दहशत में डाल दिया है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। कुछ खबरिया चैनलों में कोरोना को लेकर हौवा खड़ा करने की होड़ लग गई है। सोशल मीडिया पर भी कोरोना विशेषज्ञ गूगल गुरूओं की बाढ़ सी आ गई है। सूरतें हाल यह है कि बदलते मौसम की वजह से मामूली सर्दी जुकाम से पीड़ित लोग भी कोरोना होने की आशंका से ग्रसित हो रहे है। ऐसे लोग याद रखें गब्बर सिंह का यह डायलॉग- जो डर गया, समझो मर गया.....।

देश में कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर हुई 30

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के पॉटिजिव मामले की संख्या बढ़कर 30 हो गई है, यूपी के गाजियाबाद में गुरुवार को एक पॉजिटिव केस पाया गया। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, मरीज अधेड़ उम्र का है और हाल में वह ईरान गया था। कुल आंकड़ों में पिछले महीने केरल में शुरूआत में आए तीन मामले भी शामिल हैं ,जिन्हें ठीक होने के बाद पहले ही अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है. 30 में से 16 इटली के पर्यटक हैं।

इस बीच दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने एलान किया कि दिल्ली में सभी प्राइमरी स्कूल (सरकारी और प्राइवेट) 31 मार्च तक बंद रहेंगे। इसके साथ ही दिल्ली सरकार ने अपने दफ्तरों में बायोमीट्रिक अटेंडेंस को अस्थायी तौर पर बंद करने का फैसला किया है. कोरोना वायरस के संक्रमण के खतरे को देखते हुए सरकार ने ऐसा करने का फैसला लिया है। गाजियाबाद में एक नया मामला सामने आया है। दिल्ली में कोरोना वायरस का अभी तक एक ही पॉजिटिव केस है। हालांकि, कोरोना वायरस से संक्रमित इटली के 16 नागरिकों को दिल्ली में ही रखा गया है। इसके अलावा आगरा में छह, गुरुग्राम में एक, केरल में तीन, जयपुर में एक और तेलंगाना में एक पॉजिटिव केस है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को राज्यों से कहा कि वे जिला, प्रखंड और गांव स्तरों पर तेजी से प्रतिक्रिया टीमों का गठन करें। मंत्रालय के एक बयान के अनुसार चार मार्च से सभी विदेशी नागरिकों की जांच अनिवार्य है जिसके चलते बुधवार शाम से अधिकांश एयर पोर्ट पर जांच शुरू हो गई है। राज्यों की तरफ से उपलब्ध कराए जा रहे अतिरिक्त कर्मचारियों के साथ शेष पृष्ठ 5 पर

मोदी का बेल्जियम दौरा टला

कोरोना वायरस के खतरे के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बेल्जियम दौरा टल गया है। हालांकि भारत-यूरोपियन यूनियन सम्मेलन की नई तारीख का अभी ऐलान नहीं हुआ है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने बताया कि जहां तक भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन का संबंध है, जिसमें पीएम मोदी को भाग लेना था। दोनों देशों के स्वास्थ्य अधिकारियों ने सुझाव दिया कि यात्रा वर्तमान में नहीं होनी चाहिए। इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि शिखर सम्मेलन को पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तारीख पर पुनर्निर्धारित किया जाएगा।

विधायक का इस्तीफा, कमलनाथ की मुश्किल बढ़ेगी?

मध्यप्रदेश में सियासी ड्रामा जारी ?

मंदसौर विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक हरदीप सिंह डंग ने इस्तीफे की पेशकश की

जिन चार विधायकों का पता नहीं चल पा रहा था, उसी में शामिल थे हरदीप सिंह डंग

डॉ शिशिर उपाध्याय

भोपाल। मध्य प्रदेश की कमलनाथ सरकार की मुश्किलें अब सचमुच बढ़ने लगी हैं। मंदसौर की सुवसरा विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक हरदीप सिंह डंग ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। जुगाड़ के बहुमत पर चल रही कमलनाथ सरकार के लिए यह इस्तीफा खतरे की घंटी की तरह है। अगर कुछ और विधायकों का इस्तीफा होता है तो बहुमत का आंकड़ा कम होगा और कमलनाथ की सरकार गिर सकती है। हरदीप सिंह डंग उन चार विधायकों में शामिल हैं, जिनको बेंगलुरु ले जाए जाने की बात कही जा रही है। कांग्रेस का आरोप है कि विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) हॉर्स ट्रेडिंग करके कमलनाथ सरकार को गिराना चाहती है। वहीं, बीजेपी का कहना है कि कांग्रेस में इतने गुट हैं कि वे खुद ही एक-दूसरे को नीचा दिखाने में लगे हुए हैं। वहीं, लापता चल रहे कांग्रेस विधायक बिसाहूलाल सिंह की गुमशुदगी के लिए भोपाल के टीटी नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पिछले तीन दिनों से विधायक बिसाहूलाल सिंह गायब हैं। इससे पहले मंगलवार देर रात राजनीतिक ड्रामा उस वक्त शुरू शेष पृष्ठ 5 पर

नौ विधायक गायब हुए थे, सिर्फ पांच ही लौटे

इनमें से पांच विधायकों को बुधवार देर रात भोपाल लाया गया। हालांकि, चार विधायकों की लोकेशन ट्रैक नहीं हो सकी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, चार विधायक कांग्रेस के बिसाहूलाल, हरदीप सिंह डंग, रघुराज कंसाना और निर्दलीय सुरेंद्र सिंह शेरा की लोकेशन नहीं मिल रही थी। अब इसमें से हरदीप सिंह डंग ने इस्तीफा दे दिया है।

सीटों में मामूली अंतर है कमलनाथ का बड़ा सिरदर्द

पूर्ण बहुमत ना मिलने के बावजूद कमलनाथ ने मध्य प्रदेश में सरकार बना ली थी। शुरुआत से ही उन्हें बार-बार अपने विधायकों को संभालना पड़ा है। एक बार फिर से विधायकों को तोड़ने की कोशिश के चलते कमलनाथ सरकार की नींद उड़ी हुई है। बता दें कि मध्य प्रदेश में 230 विधानसभा सीटें हैं। दो विधायकों का निधन होने से वर्तमान में 228 सदस्य हैं। कांग्रेस के पास 114 विधायक हैं। इसके अलावा 4 निर्दलीय विधायक, 2 बीएसपी (एक पार्टी से निलंबित) और एक एसपी विधायक का भी समर्थन मिला हुआ है। इस तरह कांग्रेस को फिलहाल 121 विधायकों का साथ है। वहीं बीजेपी के पास 107 विधायक हैं। बहुमत का आंकड़ा 116 है।

मप्र में 2 दिन से जारी सियासी ड्रामा

मध्य प्रदेश में सियासी ड्रामा मंगलवार सुबह दिग्विजय सिंह के ट्वीट के साथ शुरू हुआ। उन्होंने भाजपा पर हॉर्स ट्रेडिंग के आरोप लगाए और कहा कि कांग्रेस विधायकों को दिल्ली ले जाया गया। इसके बाद मंगलवार शाम पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह दिल्ली पहुंचे तो सियासी पारा और चढ़ गया। कांग्रेस ने इसी दिन देर रात दावा किया कि भाजपा ने कांग्रेस के 6, बसपा के 2 और एक निर्दलीय विधायक को गुड़गांव के आईटीसी मराठा होटल में बंधक बनाया। मंगलवार रात को ही भोपाल से मंत्री जीतू पटवारी और जयवर्धन सिंह को दिल्ली भेजा गया। बुधवार दोपहर 6 विधायक भोपाल पहुंचे। इनमें सपा के राजेश शुक्ला (बब्लू), बसपा के संजीव सिंह कुशवाह, कांग्रेस के ऐंदल सिंह कंसाना, रणवीर जाटव, कमलेश जाटव और बसपा से निष्कासित राम बाई शामिल थीं। इसके बाद भी कांग्रेस के बिसाहूलाल, हरदीप सिंह डंग, रघुराज कंसाना और निर्दलीय सुरेंद्र सिंह शेरा की लोकेशन नहीं मिल रही थी। दिग्विजय ने फिर आरोप लगाया कि भाजपा ने 4 विधायकों को जबरन गुड़गांव से बेंगलुरु शिफ्ट किया है।

23 को सुनवाई, दोषियों को 20 को होगी फांसी?

दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने गुरुवार को नया डेथ वॉरंट जारी किया

दिल्ली की अदालत ने 20 मार्च की तारीख निर्धारित की, निर्भया की मां ने जताई खुशी

निर्भया की मां आशा देवी ने कहा, 20 मार्च की सुबह हमारे जीवन का सवेरा होगा

नई दिल्ली। निर्भया के दोषियों के लिए अदालत ने चौथी बार डेथ वॉरंट जारी कर दिया है यानी अब निर्भया गैंगरेप के चारों दोषियों को 20 मार्च को सुबह 5:30 बजे फांसी दे दी जाएगी। हालांकि इस बीच, सुप्रीम कोर्ट में एक सुनवाई की तारीख आने के बाद सस्पेंस बनता दिख रहा है। दरअसल, दोषियों को अलग-अलग फांसी दिए जाने को लेकर केंद्र सरकार की एक याचिका पर शीर्ष अदालत में 23 मार्च को सुनवाई होनी है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या दोषियों को 20 मार्च को फांसी दी जा सकती है क्योंकि यह मामला यूनियन ऑफ इंडिया वर्सेज मुकेश कुमार का है।

हालांकि एक्सपर्ट्स का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट में 23 मार्च को होने वाली सुनवाई से निर्भया के दोषियों की फांसी पर कोई असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि यह भविष्य को ध्यान में रखकर सुनवाई होगी। मौजूदा व्यवस्था के तहत एक केस में शेष पृष्ठ 5 पर

दोषियों को अलग-अलग फांसी पर सुप्रीम कोर्ट में 23 को सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट 23 मार्च को गृह मंत्रालय की उस अपील पर सुनवाई करेगा जिसमें निर्भया के दोषियों को अलग-अलग फांसी देने की अपील की गई थी। गुरुवार को केंद्र की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से कहा- दोषियों ने सिस्टम का मजाक बना दिया है। इस मामले पर 15 फरवरी को हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि दोषियों को अलग-अलग फांसी देने संबंधी केंद्र की याचिका लंबित रहने का ट्रायल कोर्ट द्वारा फांसी के लिए नया डेथ वॉरंट जारी करने पर कोई असर नहीं पड़ेगा। जस्टिस आर भानुमति, जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस एएस बोपन्ना की बेंच ने कहा था, फ़हम यह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि इस तरह की याचिकाएं लंबित रहने को ट्रायल कोर्ट के फैसले में बाधा नहीं माना जा सकता। अदालत अपने विवेक से इस पर फैसला ले सकती है।

खास खबर

बीजेपी सांसद का बेतुका बयान, आदाब से बढ़ता कोरोना

नई दिल्ली। कोरोना वायरस को लेकर एक तरफ जहां देश में भय का माहौल बना हुआ है, वहीं राजनेता बेतुका बयान देने से बाज नहीं आ रहे हैं। दिल्ली से बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी ने कोरोना के संक्रमण को लेकर दो बार बेतुका बयान दो चुके हैं। गुरुवार को रमेश बिधूड़ी ने कहा कि नमस्कार करने से कोरोना नहीं फैलता है, लेकिन अगर कोई आदाब करता है तो उसमें संक्रमण का खतरा बना रहता है। कोरोना वायरस को राजनीतिक रंग देते हुए बीजेपी सांसद रमेश ने कहा, नमस्कार करना भारतीय संस्कृति है, भारत की पद्धति है, अगर भारत की संस्कृति से कांग्रेस को नफरत है तो इससे दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं हो सकता है। बीजेपी सांसद ने एक्सपर्ट के हवाले से कहा कि आदाब और अस्सलाम वालेकुम करने के दौरान इंसान अपने हाथ को चेहरे की ओर ले जाता है, जिससे हवा हमारे आंख, नाक, मुंह की तरफ हो जाता है।

सुको ने बदली हत्या के आरोपी की सजा

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में हुए तिहरे हत्याकांड के दोषी को मिली मौत की सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। कोर्ट ने फैसले में मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया है। कोर्ट ने कहा है कि दोषी को कम से कम 25 साल जेल में रखा जाना चाहिए। जस्टिस अरुण मिश्रा, विनीत सरन और एमआर शाह की तीन जजों की बेंच ने गुरुवार को अपना फैसला सुनाया। फरवरी 2011 में मनोज सूर्यवंशी ने पड़ोसी के 3 बच्चों की हत्या कर खेत में शव फेंक दिया था। रतनपुर निवासी मनोज सूर्यवंशी की पत्नी सुमिरत बाई पड़ोसी शिवलाल धीवर के छोटे भाई शिवनाथ के साथ भाग गई थी। इसके बाद से वह रंजिश रखने लगा।

एंटी टैंक गाइड मिसाइल ने उड़ाए पाक के बंकर

सीजफायर उल्लंघन पर भारतीय सेना ने पाकिस्तान को दिया करारा जवाब

नई दिल्ली। पाकिस्तानी सेना आए दिन जम्मू-कश्मीर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा और एलओसी पर सीजफायर उल्लंघन करती रहती है। जिसका भारतीय सेना द्वारा लगातार मुंहतोड़ जवाब भी दिया जाता है। अब भारतीय सेना ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए एंटी टैंक गाइड मिसाइल का इस्तेमाल किया है। भारतीय सेना के सूत्रों के अनुसार सेना की टुकड़ियों ने हाल ही में कुपवाड़ा सेक्टर के सामने स्थित पाकिस्तानी सेना की चौकियों को निशाना बनाने के लिए एंटी टैंक

उद्धव ठाकरे के दौरे से पहले सीएम योगी से मिले राउत

लखनऊ। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे सात मार्च को अयोध्या में रामलला का दर्शन करेंगे। इसी सिलसिले में राज्यसभा सांसद संजय राउत गुरुवार को सीएम योगी आदित्यनाथ से मिले हैं। संजय राउत ने उद्धव ठाकरे के अयोध्या दौरे को लेकर बात की। इसके बाद संजय राउत अयोध्या निकल गए। संजय राउत तैयारियों का जायजा लेने अयोध्या आए थे। महाराष्ट्र में सरकार बनने के बाद उद्धव ठाकरे की वह पहली अयोध्या यात्रा होगी। उद्धव ठाकरे सात मार्च को पहले रामलला के दर्शन कर श्रीराम का आशीर्वाद लेंगे। इसके सरयू नदी के घाट पर आरती में भी शामिल होंगे। वहीं इस यात्रा को लेकर संत समाज में नाराजगी है।

मुख्यमंत्री कमलनाथ ने शिवराज को जन्मदिन की बधाई दी

नवप्रदेश संवाददाता

भोपाल। मध्य प्रदेश सियासी हलचल के बीच 5 मार्च को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का जन्मदिन रहा। मुख्यमंत्री कमलनाथ ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने ट्विटर पर अपना और शिवराज का एक पुराना फोटो पोस्ट किया है। मुख्यमंत्री ने फोटो के साथ लिखा है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहानजी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन की कामना करता हूं।

6 दिन से फरार पार्षद ताहिर गिरफ्तार

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने पुलिस को दिल्ली हिंसा के बाद गुमशुदा हुए लोगों की तलाश के लिए हर मुमकिन कोशिश करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को अदालत ने उत्तर पूर्व दिल्ली की हिंसा के बाद मॉर्चुरी में रखी गई सभी लावारिस लाशों का ब्यौरा प्रकाशित करने का आदेश भी दिया। इससे पहले इंटेलीजेंस ब्यूरो के हेड कॉन्स्टेबल की मौत के मामले में 6 दिन से फरार चल रहे पार्षद ताहिर हुसैन को गिरफ्तार कर लिया गया। ताहिर ने रोज एवेन्यू कोर्ट में सरेंडर की कोशिश की। लेकिन, अदालत ने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि यह हमारे अधिकार क्षेत्र का मामला नहीं है।

पर्यटकों के लिये अद्वितीय अनुभव होगा नमस्ते ओरछा महोत्सव

मुख्यमंत्री कमल नाथ आज करेंगे शुभारंभ

भोपाल/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ द्वारा नमस्ते ओरछा महोत्सव का उद्घाटन 6 मार्च को ओरछा में किया जायेगा। मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थान ओरछा में 6 से 8 मार्च के बीच आयोजित किया जा रहा यह महोत्सव पर्यटकों के लिये एक अद्वितीय अनुभव होगा। राज्य सरकार इस महोत्सव के माध्यम से प्रदेश में भविष्य के पर्यटन की दिशा निर्धारित कर रही है। इसमें इको-पर्यटन क्षेत्र में रोजगार के नये अवसरों पर ध्यान केन्द्रित किया जायेगा। महोत्सव के दौरान ऐतिहासिक स्थल ओरछा से जुड़ी प्राचीन शेष पृष्ठ 5 पर

गरमा-गरम

समीक्षा — नोवल कोरोना वायरस की रोकथाम में लापरवाही न हो

राष्ट्रीय उद्यानों में आने वाले विदेशी पर्यटकों के स्वास्थ्य की जाँच की जाए

मुख्यमंत्री कमल नाथ द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा

नवप्रदेश संवाददाता

भोपाल । मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने नोवल कोरोना वायरस की रोकथाम में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने और पूर्व से ही सभी जिलों में इसकी तैयारियाँ पुख्ता करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के जितने भी राष्ट्रीय उद्यान हैं उनके प्रवेश द्वार पर स्क्रीनिंग की व्यवस्था हो और विदेशी पर्यटक विशेषकर अलर्ट वाले देशों से आने वाले पर्यटकों के स्वास्थ्य की पूरी जाँच की जाए। श्री नाथ आज मंत्रालय में नोवल कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। जानकारी दी गई कि मध्यप्रदेश में कोरोना वायरस का अभी तक कोई भी पॉजीटिव प्रकरण नहीं पाया गया है। बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने कहा कि भारत सरकार द्वारा कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए निर्धारित गाईडलाईन का कड़ाई से पालन किया जाए। साथ ही आवश्यकता होने पर अतिरिक्त सावधानी भी बरती जाए। उन्होंने कहा कि इस बीमारी को लेकर जनता में जागरूकता लायी जाए। साथ ही जनता को यह भी बताया जाए कि मध्यप्रदेश में इसका कोई प्रकोप नहीं है ताकि लोग अनावश्यक चिंतित न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलों के कलेक्टरों से कहा जाए कि वे अपने क्षेत्र में पर्याप्त व्यवस्थाएँ रखें और इस बीमारी से ग्रसित मरीज पाए जाने पर सभी आवश्यक सावधानी बरतें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन स्थलों के साथ ही विशेषकर राष्ट्रीय उद्यानों में इस बीमारी को लेकर विशेष सावधानी बरती जाए। उन्होंने कहा कि आंध्रप्रदेश और केरल ने इस बीमारी की रोकथाम के लिए जो व्यवस्थाएँ की हैं उनके अनुरूप ही प्रदेश में सभी इंतजाम किए जाए। बीमारी के लक्षण वाले मरीजों की तत्काल जाँच हो और उनके नतीजे निगेटिव आने पर उसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

बैठक में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य श्रीमती पल्लवी जैन गोविल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग अन्य संबंधित विभागों से ताल-मेल कर कोरोना वायरस की रोकथाम की व्यवस्थाएँ कर रहा है। संभावित मरीजों शेष पृष्ठ 5 पर

न गोली, न बम, फिर भी दम...चीन पर आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणे की नसीहत

आर्मी चीफजनरल एमएम नरवणे ने चीन की सैन्य ताकत को लेकर बड़ा बयान दिया है, सेना प्रमुख ने कहा कि कुछ दशकों से चीन ने कोई युद्ध नहीं लड़ा लेकिन सैन्य ताकत है

- उन्होंने कहा कि सेना अपनी योजनाओं और क्षमता का फिर से आंकलन कर रही है

नई दिल्ली(ए.)। आर्मी चीफजनरल एमएम नरवणे ने चीन की सैन्य ताकत को लेकर बड़ा बयान दिया है। सेना प्रमुख ने कहा है कि पिछले कुछ दशकों से चीन ने कोई युद्ध नहीं लड़ा है। इसके बावजूद उसने एक सैन्य ताकत के रूप में अपना दबदबा स्थापित कर लिया है। उन्होंने कहा कि सेना अपनी योजनाओं और क्षमता का फिर से आंकलन कर रही है ताकि चीन और पाकिस्तान सीमा पर 'तेजी के साथ जवाब' दिया जा सके।

सेना प्रमुख ने कहा कि चीन ने विवादास्पद दक्षिण चीन सागर में बिना एक भी गोली चलाए इस क्षेत्र की भू-रणनीतिक स्थिति को बदल दिया है। उन्होंने कहा, 'पिछले कई दशक से चीन ने वास्तविक,

विशुद्ध युद्ध नहीं लड़ा है। हालांकि लगातार अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन करके चीन ने यह दबदबा स्थापित किया है कि वह प्रमुख तकनीकी क्षेत्रों में अविवादित सैन्य ताकत है।'

नरवणे ने एक सेमिनार में बुधवार को कहा कि पिछले कई वर्षों से हमें यह बताया जाता रहा था कि अगर अंतरराष्ट्रीय सीमा पर लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया गया तो इससे पूर्ण युद्ध शुरू हो जाएगा। बालाकोट ने यह दिखा दिया कि अगर आप अपनी कुशलता और सैन्य प्रभुत्व के साथ कोई कार्रवाई शुरू करेंगे तो यह छोटी अवधि का संघर्ष भी हो सकता है। जरूरी नहीं है कि यह संघर्ष पूर्ण युद्ध में बदल जाए।

जनरल नरवणे ने कहा कि विश्वभर में तकनीक काफी तेजी के साथ बढ़ रही है। अब मेन बैटल टैंक और फाइटर विमानों से लड़ाई लड़ने के तरीके पुराने हो चुके हैं। नई तकनीक और नए मौके युद्ध करने के तरीकों में बदलाव ला रहे हैं। सेना प्रमुख ने कहा कि एक सेना के तौर पर हमारी सोच फुर्तीली होनी चाहिए। बदलते समय के साथ हमें बदलना होगा। अपने सैन्य बेड़ों को उन्नत बनाना होगा।

'चाणक्य की रणनीति आज भी प्रासंगिक'

सेना प्रमुख ने कहा कि चीन की सुन त्जू की रणनीति से मुकाबला करने के लिए महान रणनीतिकार चाणक्य का अर्थशास्त्र आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना पहले था। उन्होंने कहा कि भारत अंतरिक्ष, साइबर युद्ध और इलेक्ट्रानिक युद्ध कौशल में अपनी क्षमता बढ़ा रहा है। इसके अलावा लेजर आधारित हथियारों के विकास पर भी भारत जोर दे रहा है।

कोरोना वायरस: स्वास्थ्य मंत्री ने संसद में बताया, देश में 28529 लोगों पर नजर

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 3 केस में रिकवरी हो चुकी है, अन्य मरीजों की हालत स्थिर

- भारत ने 17 जनवरी से तैयारी शुरू कर दी थी, तब डब्लूएचओ ने सलाह जारी नहीं की थी: हर्षवर्धन
- भारतीय नागरिकों को चीन, ईरान, कोरिया, इटली और जापान ना जाने की सलाह दी गई है

नई दिल्ली(ए.)। कोरोना वायरस कितना बड़ा खतरा है और इसको लेकर सरकार क्या-क्या कर रही है, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने संसद में विस्तार से जवाब दिया है। उन्होंने राज्यसभा में कहा कि अभी तक देश में 29 लोग कोरोना से संक्रमित हुए हैं, जिनमें से 3 ठीक हो चुके हैं और अन्य का इलाज चल रहा है। 4 मार्च तक कुल 28529 लोगों को कम्युनिटी सर्विलांस पर रखा गया है। हर्षवर्धन ने कहा कि पीएम मोदी, वह खुद और मंत्री समूह लगातार निगरानी में जुटे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार ने डब्लूएचओ की ओर से दिशा निर्देश जारी करने से पहले तैयारी शुरू कर दी थी।



इन देशों में ना जाने की सलाह

स्थिति के मुताबिक ट्रैवल अडवाइजरी में बदलाव किया जा रहा है। इटली, ईरान, साउथ कोरिया, जापान के उन सभी यात्रियों 3 मार्च 2020 तक जारी वीजा स्थगित कर दिया गया है, जिन्होंने भारत में प्रवेश नहीं किया है। चीन से आने वाले लोगों का वीजा भी 5 फरवरी से स्थगित किया जा चुका है। चीन, ईरान, इटली, साउथ कोरिया, जापान जा चुके सभी विदेशी यात्रियों का वीजा भी सस्पेंड कर दिया गया है। यूनाइटेड नेशंस के डिप्लोमैट्स और ओसीआई कार्ड होल्डर्स और एयर क्रू को छूट दी गई है, लेकिन उन्हें जांच के बाद ही भारत में प्रवेश दिया जाएगा। सभी देशों से आ रहे लोगों से उनका पूरा ब्योरा लिया जा रहा है। भारतीय नागरिकों को चीन, ईरान, कोरिया, इटली और जापान ना जाने की सलाह दी जाती है। कोविड-19 प्रभावित अन्य देशों में भी अनावश्यक यात्रा से बचें। 21 एयरपोर्ट्स पर विदेशों से आने वाले यात्रियों की जांच की जा रही है।

पीएम कर रहे हैं निगरानी

स्वास्थ्य मंत्री ने सरकारी की तैयारी का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार इसकी रोकथाम के लिए हर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पीएम खुद इसकी निगरानी कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने इसे रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। मैं हर दिन समीक्षा कर रहा हूं। एक मंत्रीसमूह बनाया गया है। 3 फरवरी के गठन के बाद इसकी चार बैठक हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि WHO ने कोरोना वायरस को पब्लिक हेल्थ इमर्जेंसी घोषित किया है हालांकि इसे महामारी नहीं घोषित किया है। भारत ने 17 जनवरी से तैयारी शुरू कर दी थी, तब WHO ने सलाह जारी नहीं की थी।

सभी मरीजों की हालत स्थिर

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 3 केस में रिकवरी हो चुकी है। पिछले तीन दिनों में नए मामले सामने आए हैं। 1 केस दिल्ली में सामने आया जो जो इटली से आया था। 1 व्यक्ति हैदराबाद में संक्रमित पाया गया जो दुबई से लौटा है। 6 लोग आगरा में संक्रमित पाए गए, जो दिल्ली के मरीज के संपर्क में आए थे। इटली के पर्यटक और उनकी पत्नी राजस्थान में भर्ती हैं, इनके साथ के 14 अन्य सदस्य और 1 भारतीय ड्राइवर भी कोरोना से संक्रमित है। एक अन्य युवक कल दिल्ली में संक्रमित मिला है जो इटली से आया था। सभी की हालत स्थिर है।

फांसी की तारीख आते ही चीख पड़े निर्भया के दोषियों के वकील...

3 बार और फांसी दे चुके हैं

- दोषियों के वकील एपी सिंह ने दावा किया कि उनके पास अभी कानूनी विकल्प बचा हुआ है
- एपी सिंह ने कहा कि दोषियों को बार-बार फांसी दी जा रही है, यह न्यायिक हत्या है

नई दिल्ली(ए.)। निर्भया केस में पटियाला हाउस कोर्ट ने चौथी बार डेथ वॉरंट जारी कर दिया है। कोर्ट ने चारों दोषियों को 20 मार्च सुबह 5:30 बजे फांसी का आदेश सुनाया है। बताया जा रहा है कि अब यह आखिरी तारीख है, लेकिन दोषियों के वकील एपी सिंह ने दावा किया है कि उनके पास अभी कानूनी विकल्प बचे हुए हैं। कई बार फांसी टलवा चुके एपी सिंह ने कहा है कि दोषियों को बार-बार फांसी सुनाई जा रही है, यह न्यायिक हत्या है। डेथ वॉरंट जारी होने के बाद कोर्ट से बाहर मीडिया से बात करते हुए एपी सिंह आपा खो बैठे। उन्होंने कहा, 'आज चौथा वॉरंट जारी हुआ है। आप तीन बार पहले भी उन्हें फांसी दे चुके हैं और कितनी बार उनको फांसी दोगी? मीडिया प्रेशर में संविधान के रहते हुए कितनी बार फांसी दोगी? ये आतंकवादी नहीं हैं, ये पढ़े लिखे हैं। ये जेल में सुधर रहे हैं, अपना परिवर्तन कर रहे हैं। आपकी चीखें बता रही हैं कि कितना प्रेशर है।'

'अभी विकल्प बाकी'

एपी सिंह ने कहा, 'अक्षय का कानूनी विकल्प बचा हुआ है। अक्षय की मर्सी पिटिशन जेल में रिसीव कराई। कोर्ट ने पूछा कि जेल में अक्षय की मर्सी पिटिशन है? जेल ने कहा, हां है।' एपी सिंह ने कहा कि आज ही सुप्रीम कोर्ट एक और सुनवाई होनी है। केंद्र सरकार ने दोषियों को अलग-अलग फांसी के लिए याचिका दायर की है।

'मुझे डराया जा रहा है'

एपी सिंह ने कोर्ट पर भी गंभीर आरोप जड़ दिए। उन्होंने कहा, 'कोर्ट की ओर से मुझे कहा गया कि आप आग से खेल रहे हो। आपके लिए परिणाम गलत होंगे। इसका मतलब है कि मुझे डराया जा रहा है। मुझे धमकाया जा रहा है। मेरा शोषण किया जा रहा है। इसका मतलब हुआ कि कानूनी अधिकार इस्तेमाल करना गलता है।' गौरतलब है कि 2 मार्च को दोषियों की फांसी टालने का आदेश देने से पहले कोर्ट ने सुनवाई के दौरान सिंह की यह कहते हुए खिंचाई की, 'आप आग से खेल रहे हैं, आपको सतर्क रहना चाहिए। किसी के द्वारा एक गलत कदम, और आपको परिणाम पता है।'

कोरोना वायरस संकट: राहुल गांधी का केंद्र सरकार पर 'टाइटैनिक अटैक'

नई दिल्ली(ए.)। कोरोना संकट पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्द्धन के संसद में दिए बयान पर कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हमला बोला है। राहुल गांधी ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री का दावा टाइटेनिक जहाज के कैप्टन की तरह से है। टाइटैनिक के कैप्टन कह रहे थे कि जहाज नहीं डूबेगा लेकिन वह डूब गया। उन्होंने मांग कि इस संकट से निपटने के लिए सरकार एक ऐक्शन प्लान सार्वजनिक करे और उसके लिए संसाधन मुहैया कराए। राहुल गांधी ने कहा, 'स्वास्थ्य मंत्री कह रहे हैं कि कोरोना वायरस भारत सरकार के कंट्रोल में है। यह कुछ उसी तरह से है जैसे टाइटेनिक (जहाज) का कैप्टन यात्रियों से कह रहा हो कि घबराएं नहीं क्योंकि यह जहाज डूब नहीं सकता है। समय आ गया जब सरकार एक ऐक्शन प्लान सार्वजनिक करे और इस संकट से निपटने के लिए ठोस संसाधन मुहैया कराए।'

डोनाल्ड ट्रंप पर चढ़ा कोरोना का खौफ, हफ्तों से नहीं छुआ चेहरा!

वॉशिंगटन(ए.)। कोरोना का खौफ दुनियाभर के आमलोगों को ही नहीं, बल्कि अमेरिका के राष्ट्रपति तक को सता रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने खुद इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने कहा है कि कोरोना वायरस की वजह से एहतियात के तौर पर उन्होंने हफ्तों से अपना चेहरा नहीं छुआ है और वह ऐसा करना मिस कर रहे हैं।



व्हाइट हाउस में हुई एक बैठक के दौरान ट्रंप के हवाले से यह बात सामने आई है। ट्रंप ने कहा, 'मैंने हफ्तों से, हफ्तों से अपना चेहरा नहीं छुआ है। मैं ऐसा करना मिस कर रहा हूं।' हालांकि, राष्ट्रपति ट्रंप के इस बयान के बाद ट्विटर यूजर्स ऐक्टिव हो गए। लोग कुछ तस्वीरें शेयर कर रहे हैं, उनका दावा है कि वे पिछले दिनों की हैं और ट्रंप उनमें अपना चेहरा छू रहे हैं।

ड्राइवर को आई नींद तो महिला खुद कैब चलाकर घर पहुंची

पुणे। महाराष्ट्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां पुणे से उबर कैब से मुंबई जा रही एक महिला को कैब खुद ड्राइव कर घर पहुंचना पड़ा। ड्राइवर गाड़ी चलाते समय सो रहा था। घटना 21 फरवरी की है। इस मामले का पता तब चला जब तेजस्विनी दिव्या नाइक नामक महिला ने इससे संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया।

दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज

फ्लिपकार्ट के को-फाउंडर पर पत्नी ने लगाया आरोप

- फ्लिपकार्ट के को-फाउंटर पर पत्नी ने दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का केस

बेंगलुरु(ए.)। फ्लिपकार्ट के को-फाउंडर सचिन बंसल पर उनकी पत्नी प्रिया बंसल ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। प्रिया ने यह मुकदमा बेंगलुरु स्थित कोरमंगला पुलिस स्टेशन में दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर में चार लोगों के नाम हैं। इनमें सचिन बंसल, पिता सत्यप्रकाश अग्रवाल, मां किरण बंसल, भाई नितिन बंसल शामिल हैं। सचिन के खिलाफदो धाराओं 498 ए (दहेज उत्पीड़न), 34 (आपराधिक इरादा) और दहेज निषेध की धारा 3 और 4 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। सचिन और प्रिया की शादी वर्ष 2008 में हुई थी। प्रिया का कहना है कि शादी के बाद सचिन और ससुरालवालों ने दहेज की मांग की। अपनी शिकायत में प्रिया ने यह भी कहा कि उनके पिता ने शादी के लिए 50 लाख रुपये खर्च किए थे और सचिन को 11 लाख रुपये कैश दिए गए थे।

'प्रॉपर्टी ट्रांसफर करने का दबाव'

प्रिया बंसल पेशे से डेंटिस्ट हैं। प्रिया का आरोप है कि सचिन ने उनके साथ मारपीट की और पैसे की मांग भी की। प्रिया ने आरोप लगाया है कि सचिन ने उन पर प्रॉपर्टी ट्रांसफर करने का दबाव बनाया और जब उन्होंने ऐसा करने से मना कर दिया तो आरोपी ने पीड़िता के माता-पिता के साथ-साथ भाई को भी परेशान किया।

अधिकारियों के उड़े होश

समुद्र से निकला खजाना, 14 किलो से अधिक सोने के बिस्किट मिले

- यह पहला ऐसा मामला बताया जा रहा है जहां समुद्र के गहरे पानी के अंदर से तस्करी का सोना बरामद किया गया
- इंडियन कोस्ट गार्ड (आईसीजी) और रेवन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) के संयुक्त टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया

मदुरै(ए.)। तमिलनाडु के मन्नार खाड़ी में गोताखोरों ने गहरे पानी में छलांग लगाकर 14 किलो से भी ज्यादा का सोना बरामद किया है। यह शायद पहला ऐसा मामला है जहां समुद्र के गहरे पानी के अंदर से तस्करी का सोना बरामद किया गया। इंडियन कोस्ट गार्ड (आईसीजी) और रेवन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) के संयुक्त टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया।

यहां मन्नार खाड़ी में 14 किलो से अधिक वजन वाले सोने के बिस्किट एक कपड़े में लिपटे मिले। इनकी कीमत 6 करोड़ आंकी जा रही है। दो घंटे तक चले इस अभियान में समुद्र तल से 14.5 से 16.5 फीट अंदर सोने के बिस्किट मिले।

आईजीसी अधिकारियों ने बताया कि उन्हें खुफिया सूत्रों से मिले इनपुट के आधार पर मंगलवार को समुद्र के अंदर सर्च ऑपरेशन चलाया। खुफिया सूत्रों के अनुसार, श्रीलंका से तस्करी किया हुआ तमिलनाडु के रामनाथपुरम सोना लाया जा रहा था। दोपहर करीब ढाई बजे दो लोगों को अनरजिस्टर्ड नाव से गिरफ्तार किया गया। ऑपरेशन में शामिल एक अधिकारी ने बताया, 'हमें शक है कि उन्होंने हमें देखकर समुद्र में कुछ फेंका था क्योंकि नाव में कोई मछली नहीं थी। जाल भी सूखा हुआ था और पैक किया हुआ रखा हुआ था। फिशिंग के भी कोई संकेत नहीं मिल रहे थे।

सदन में हंगामा, आज भी नहीं आए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

नई दिल्ली(ए.)। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला आज भी सदन नहीं पहुंचे। जानकारी दी गई कि वह हंगामे और धक्का मुक्की से नाराज हैं। उनकी जगह भर्तृहरि महताब हाउस चला रहे हैं। दरअसल, दिल्ली हिंसा के मुद्दे पर लोकसभा में हंगामे से परेशान होकर बिरला ने बुधवार को सदन की कार्यवाही का संचालन नहीं किया। संसद में फिलहाल देश में कोरोना वायरस की स्थिति को लेकर चर्चा चल रही है।

बेहद नाराज हैं बिरला

इससे पहले मंगलवार सुबह सर्वदलीय बैठक में इस बात पर सहमति बनी थी कि कोई भी सांसद सीटें क्रॉस नहीं करेंगे लेकिन सोमवार और फिर मंगलवार को सदन की कार्यवाही में विपक्षी सांसदों ने काफी हंगामा किया। इससे व्यथित होकर बिरला अपने चैंबर में जाकर बैठे रहे। उनकी नाराजगी इस कदर बनी है कि वह बुधवार को भी सदन की कार्यवाही के लिए नहीं पहुंचे।

बुधवार को हुआ खूब हंगामा: सदन के कई सदस्यों ने कार्यस्थगन नोटिस भी दिया जबकि स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन को कोरोना वायरस को लेकर संबोधन देना था। इस बीच विपक्ष के सदस्य दिल्ली हिंसा के मुद्दे पर सदन में हंगामा करते रहे।

याद आए... मध्य प्रदेश के नेता विपक्ष गोपाल भार्गव ने बगलामुखी मंदिर में की पूजा

'मिर्ची यज्ञ' के बावजूद हारे थे दिग्विजय सिंह...बीजेपी को 'शत्रुविजय' से मिलेगी जीत

- नलखेड़ा स्थित इस मंदिर की देवी की सत्ता की देवी के रूप में मान्यता
- कमलनाथ सरकार खतरे में, अब भी कई विधायक भोपाल नहीं लौटे हैं

भोपाल। मध्य प्रदेश में चल रहे सियासी ड्रामे के बीच अब तंत्र-मंत्र की भी चर्चा है। बहुत से लोग लोकसभा चुनाव में दिग्विजय सिंह के लिए हुए मिर्ची यज्ञ की तस्वीर भूले नहीं हैं। प्रचार के दौरान हिंदुत्व और कथित हिंदू टेरर जैसे मुद्दे उछाले जा रहे थे। इसी बीच दिग्गी ने दांव खेला और कंप्यूटर बाबा की अगुआई में साधुओं ने धूनी रमाई। अब बीजेपी नेता गोपाल भार्गव का 'सत्ता की देवी' के दर पर जाना कई कयासों को बल दे रहा है।

क्या तंत्र-मंत्र के सहारे चुनावी वैतरणी पार की जा सकती है क्या वाकई तांत्रिक क्रिया और अनुष्ठानों से सत्ता के सिंहासन को हासिल किया जा सकता है? मध्य प्रदेश की राजनीति में इसकी सबसे ताजा मिसाल 2019 में भोपाल लोकसभा सीट का चुनाव है। बीजेपी ने मालेगांव ब्लास्ट में आरोपी साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को टिकट दिया था। कांग्रेस से दिग्विजय सिंह मैदान में थे। सियासी फिज़ाओं में इसे 'धर्मयुद्ध' के रूप में प्रचारित किया जा रहा था। दिग्विजय खुद को सनातनी हिंदू बताकर जनता को लुभा रहे थे। इसी बीच एक बोर्ड पर लोगों की नजर टिक गई। इस पर लिखा था- दिग्विजय सिंह की जीत के लिए हजारों संतों का हठयोग।

चुनावी विश्लेषक संभावना जता रहे थे कि दिग्विजय को हिंदू वोटों का कम समर्थन मिलेगा। ऐसे में 'कट्टर हिंदुत्व' के रूप में प्रज्ञा की चुनौती से निपटने के लिए दिग्विजय ने नया कार्ड खेला। तेज गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच साधु अलग-अलग जलते हुए कंडों (गोबर के उपलों) का घेरा बनाकर उनके बीच बैठे। कंप्यूटर बाबा के नेतृत्व में साधुओं ने दिग्विजय की जीत के लिए मिर्ची यज्ञ भी किया। साधुओं ने दिग्विजय सिंह को आशीर्वाद दिया और उन्होंने अपनी पत्नी अमृता के साथ हवन कुंड में आहुतियां दीं। 8 मई को भोपाल में वोट पड़े और जब 23 मई को नतीजे आए तो साफ हो गया कि कंप्यूटर बाबा ईवीएम में 'तांत्रिक सेंध' नहीं लगा पाए। दिग्विजय साध्वी प्रज्ञा से यह चुनाव 3 लाख 64 हजार 822 वोटों के भारी अंतर से हार गए।

एक बार फिर सियासी ड्रामा जोरों पर

एमपी में एक बार फिर सियासी ड्रामा जोरों पर है। सूबे की सत्ता के केंद्र भोपाल से बहुत दूर गुरुग्राम और बेंगलुरु में पासे फेंके जा रहे हैं। कमलनाथ सरकार की कुर्सी खतरे में दिख रही है। 'ऑपरेशन लोटस' के आरोपों के बीच बीजेपी नेता और नेता प्रतिपक्ष गोपाल भार्गव पहुंच गए नलखेड़ा। मध्य प्रदेश में बगलामुखी देवी के दो मंदिर हैं- एक दतिया में और दूसरा आगर-मालवा के इस छोटे से कस्बे नलखेड़ा में। लखुंदर नदी के किनारे बगलामुखी के मंदिर में गोपाल भार्गव का पहुंचना कोई संयोग नहीं था। आगर-मालवा विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी होना है।

न्यूज गैलरी

ब्रजेश गुप्ता अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की भोपाल जिला इकाई के अध्यक्ष मनोनीत

भोपाल। अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष श्री गोविंद गोयल की स्वीकृति के उपरांत आईडियल सिटी अवधपुरी, भोपाल निवासी ब्रजेश गुप्ता को अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की जिला इकाई भोपाल का जिला अध्यक्ष मनोनीति किया गया है। गोविंद गोयल ने इन पदाधिकारियों की नियुक्त पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के माध्यम से देश और प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा वैश्य बंधुओं को आपस में जोड़ने का अथक प्रयास किया जा रहा है। जिससे वैश्य समाज की एकता पूरे प्रदेश में अपनी अलग पहचान स्थापित कर सके। गोयल ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की 10 देशों में शाखाएं हैं, जिसके वर्तमान में राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल हैं। अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन कई देशों में काफी ख्याति एवं शक्ति प्राप्त कर चुका है। गोयल ने श्री गुप्ता से अपेक्षा एवं विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने का सक्रियता से कार्य करेंगे, जिससे अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन को और अधिक मजबूती मिलेगी।

मप्र में कोरोना का खौफ के चलते अब बच्चे मास्क पहन कर आएंगे स्कूल

भोपाल। कोरोना वायरस के भारत में बढ़ रहे मामलों को देखते हुए मध्यप्रदेश की ओर से सावधानी बरतने के तहत कुछ विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। ऐसा ही एक निर्देश स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से भी जारी किया गया है, जिसके अनुसार स्कूल जाने वाले बच्चों को मास्क पहनने की निर्देश दिए गए हैं। ऐसे में अब अभिभावक बच्चों को स्कूलों में मास्क लगाकर भेज सकेंगे। वहीं माना जा रहा है कि शिक्षक भी कक्षाओं में मास्क लगाकर पढ़ाते नजर आएंगे। देशभर में अभी तक कोरोना वायरस के 29 मामले सामने आ चुके हैं। वहीं स्क्र में 66 लोगों को निगरानी में रखा गया है।संदिग्धों की जांच कराई जा रही है। मास्क लगाने के आदेश को कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए उठाया गया कदम माना जा रहा है। मध्य प्रदेश स्कूली शिक्षा विभाग ने शिक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वे ऐसे बच्चों की पहचान करें जिन्हें सर्दी, खासी और बुखार हो और उन्हें घर में ही रहने की सलाह दें। शिक्षा विभाग ने कोरोना वायरस को लेकर गाइडलाइन जारी की है। इसमें कहा गया है कि ऐसे बच्चे जिनकी तबीयत खराब हो शिक्षक उनके अभिभावकों को उन्हें घर में ही रहने की बात कहें। इसके साथ ही ऐसे बच्चों की परीक्षा अलग से ली जाए या बाद में परीक्षा लेने का प्रबंध किया गया। इसके साथ ही सर्दी-बुखार से पीड़ित सभी विद्यार्थी परीक्षा के दौरान मुंह पर मास्क पहनकर आएं।

जीतू पटवारी ने शिवराज को जन्मदिन की बधाई दी, कहा- इंसान में राम और राक्षस के रूप, राम बनने की कोशिश करें

सियासी उठापटक के 24 घंटे बाद भाजपा और कांग्रेस नेताओं में बयानबाजी का दौर शुरू हो गया

पटवारी ने कहा- गुड़गांव में जिस होटल में विधायकों को रखा गया था, वहां गुंडे तैनात किए गए थे

दिग्विजय के भाई ने कहा- मुख्यमंत्री कमलनाथ की किसी भी बात पर भरोसा नहीं किया जा सकता

नवप्रदेश संवाददाता

भोपाल। मध्य प्रदेश में सियासी उठापटक के बाद गुरुवार सुबह से कांग्रेस और भाजपा नेताओं के बीच बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। बुधवार सुबह उच्च शिक्षा मंत्री जीतू पटवारी ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को जन्मदिन की बधाई दी और तंज कसा- भगवान उन्हें लंबी उम्र दे, इंसान में राक्षस और रावण दोनों के गुण होते हैं। वे राम बनने की कोशिश करें। पटवारी यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में 2 दिन से चल रहे पूरे राजनीतिक घटनाक्रम के सूत्रधार और मास्टरमाइंड शिवराज सिंह चौहान हैं। वे अपने मकसद में कभी कामयाब नहीं हो पाएंगे। भगवान उन्हें सद्बुद्धि दे। उन्होंने कहा कि गुड़गांव में जिस होटल में कांग्रेस और निर्दलीय विधायकों को रखा गया था वहां गुंडे तैनात किए गए थे। प्रदेश में कमलनाथ की सरकार है। भाजपा और शिवराज की सोच जहां खत्म होती है, वहां से कमलनाथ की सोच शुरू होती है, जिसकी कोई कल्पना नहीं कर सकता। भाजपा के पास इतना कालाधन है कि इसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। विधायकों को 50-50 करोड़ रुपए ऑफर किए जा रहे हैं।

पटवारी ने आज कहा कि हमारे सभी विधायकों ने मिलकर भारतीय जनता पार्टी के षड़यंत्र को बेनकाब किया है। बीते 2 तीन दिनों में जो घटनाक्रम हुआ, उसकी पूरी जानकारी मुख्यमंत्री कमलनाथ को थी और पूरी प्रक्रिया भाजपा को बेनकाब करने के लिए अपनाई गई। दिल्ली से लौटे 6 विधायकों समेत सभी ने मिलकर भाजपा के षड्यंत्र का पर्दाफाश किया है। हमारे सभी नेता एकजुट हैं। राज्य सरकार को कोई खतरा नहीं है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि मध्यप्रदेश से राज्यसभा की 3 सीटों में से 2 कांग्रेस के कब्जे में आएंगी। पार्टी उम्मीदवार हाईकमान तय करेगा।

नरोत्तम बोले- कांग्रेस के कई विधायक मेरे संपर्क में

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बुधवार सुबह पत्रकारों से बातचीत की। मिश्रा ने कहा- कब क्या हो जाए किसको खबर। सरकार बनाने पर उन्होंने कहा कि पहले सरकार गिरे तो फिर बनाने की सोचेंगे। उन्होंने ये भी कहा कि दिग्विजय सिंह की असलियत क्या है ये सब जानते हैं।

उन्होंने कहा कि वे उनके खिलाफ कार्रवाई की धमकी से डरने वाले नहीं हैं। राज्य सरकार ने उनके खिलाफ कार्रवाई करने के पहले भी प्रयास किए। सरकारें आती-जाती रहती हैं। कार्रवाई हम पर हुई, तो अन्य लोगों पर भी होगी। कांग्रेस सरकार में भागमभाग की स्थिति है। वे स्थिति संभाल नहीं पा रहे हैं। कब-क्या हो जाए, किसको क्या खबर। कांग्रेस नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया की कथित खामोशी के बारे में पूछे जाने पर मिश्रा ने कहा कि उन्हें लगता है कि इसमें कोई राज है। राज से पर्दा उठने की प्रतीक्षा करना चाहिए।

बावरिया बोले, मूर्ख होगा जो भाजपा के टिकट पर चुनाव लडऩा चाहेगा

मंत्री सज्जन बोले : कांग्रेस आज ही फ्लोर टेस्ट को तैयार

नवप्रदेश संवाददाता

भोपाल। प्रदेश की कांग्रेस सरकार और राज्यसभा चुनाव को लेकर हुई हॉर्स ट्रेडिंग की चर्चा से बुधवार को दिनभर सियासी उबाल बना रहा। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचे प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया ने कहा कि भाजपा षड्यंत्रकारी है। उसका दिल्ली चुनाव में जो हश्र हुआ है, उसके बाद कोई मूर्ख ही होगा जो उसके टिकट पर चुनाव लडऩा चाहेगा। भाजपा इस घटनाक्रम के बाद एक्सपोज हो गई है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार मजबूत है और सभी विधायक उसके साथ हैं।

संसदीय कार्यमंत्री डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि राज्यसभा चुनाव और विधानसभा के बजट सत्र के दौरान व्हिप जारी किया जाएगा, जो विधायक इसका उल्लंघन करेगा, स्पीकर से निवेदन कर उसकी विधायकी एक घंटे के अंदर चली जाएगी। ऐसे विधायकों को पार्टी भी बाहर का रास्ता दिखा देगी। डॉ. गोविंद ने कहा कि विधायक अपने-अपने काम से दिल्ली जाते हैं, उन पर कब्जा करने या अगवा करने जैसी कोई बात नहीं है। उनकी सभी विधायकों से बात हो गई है। सरकार को कोई संकट नहीं है।

- दिनभर रही गहमागहमी

मंगलवार देर रात हुई सियासी उथल-पुथल के बाद मंत्री-विधायकों का सीएम हाउस जाना शुरू हो गया। मंत्री डॉ. गोविंद सिंह, सज्जन सिंह वर्मा, ओंकार मरकाम, बृजेंद्र सिंह राठौर और लाखन सिंह यादव समेत कई विधायक मुख्यमंत्री कमलनाथ से मिलने पहुंचे। थोड़ी देर बाद मुख्यमंत्री मंत्रालय रवाना हो गए।

लोकार्पण ...

भोपाल (नवप्रदेश)। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री जयवर्द्धन सिंह और जनसंपर्क मंत्री श्री पी.सी. शर्मा ने भोपाल मास्टर प्लान-2031 के प्रारूप का लोकार्पण किया।.

पूर्व मंत्री संजय पाठक की दो खदानों को किया गया सील, ऑपरेशन लोटस है वजह?

नवप्रदेश संवाददाता

भोपाल। मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की पूर्ववर्ती सरकार में मंत्री रह चुके विधायक संजय पाठक की दो खदानों को बुधवार को सील कर दिया गया है। यह कार्रवाई जबलपुर कलेक्टर भरत यादव की ओर से की गई है। कहा जाता है कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस नीत कमलनाथ सरकार को गिराने के लिए पूर्व में संजय पाठक ने हर संभव कोशिश की थी। यही नहीं, उनके चार्टर प्लेन से कांग्रेस के कुछ विधायकों को हरियाणा ले जाया गया था।

खदानों को सील किए जाने के मामले में जबलपुर कलेक्टर भरत यादव कहते हैं, मैंने मेसर्स निर्मला मिनरल्स को स्वीकृत दो लौह अयस्कों की खदानों को तुरंत बंद करने का आदेश जारी किया है। इस मामले में मध्य प्रदेश बीजेपी के प्रवक्ता हितेश बाजपेयी से बात की। उन्होंने कहा, आदेश में कहा गया है 04 मार्च 2020 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय के अनुपालन में जबलपुर जिले की सिहोरा तहसील के ग्राम अगरिया खसरा नंबर 1093 और दुबियारा खसरा नंबर 628/1, पर मेसर्स निर्मला मिनरल्स को स्वीकृत आयरन ओर की खदानों को फिर से बंद करने के आदेश जारी कर दिया गया है।

...और बंद करा दी गईं खदानें

हितेश बाजपेयी ने बताया, वनमंडल अधिकारी जबलपुर के पत्र दिनांक 07 जून 2019 के अनुसार इस जमीन के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय की ओर से तारीख 03 मई 2019 को आदेश पारित कर खनन बंद करने का निर्देश दिया गया है। इस आधार पर कलेक्टर जबलपुर की ओर से आदेश दिनांक 10 जून 2019 जारी कर खनन पर रोक लगा दी गई थी। उन्होंने बताया कि पट्टेदार की ओर से दी गई शिकायत के साथ-साथ अन्य आधारों पर कलेक्टर की तरफ से अपने आदेश दिनांक 13 अगस्त 2019 से स्थगन आदेश जारी कर अपने पहले के आदेश दिनांक 10 जून 2019 पर रोक लगा दी गई।

कलेक्टर ने जारी किया आदेश

इस आदेश में लगभग 6 माह से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी पट्टेदार यह साबित करने में असफल रहा कि उक्त जमीन माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से प्रभावित नहीं होती है। इस वजह से कलेक्टर की तरफ से जारी स्थगन आदेश निरस्त कर खदान फिर से बंद करा दी है।

शिवराज के संपर्क में सिंधिया

ऑपरेशन लोटस को लेकर हितेश बाजपेयी कहते हैं, हमने तो कभी ऐसा प्रयास भी नहीं किया। उल्टा यही लोग (कांग्रेस) इस बात का शोर मचाते रहते हैं कि सरकार गिराने का प्रयास किया जा रहा है। बाकी मध्य प्रदेश में सभी नेताओं के संबंध मित्रवत हैं। ऐसे में एक-दूसरे में संपर्क में रहना क्या गलत है। यूं तो शिवराज सिंह के संपर्क में ज्योतिरादित्य सिंधिया भी हैं।

अपनों से मिल रहे थे दूल्हा और दुल्हन, किशोर ले गया ढाई लाख का माल

बैंड-बाजा और चोर... प्रोफेसर की बहन की शादी में चोरी

पुलिस बेबस... इस सीजन में भी नहीं कर पाई एक भी वारदात का खुलासा

नवप्रदेश संवाददाता

भोपाल। भोपाल पुलिस की मुस्तैदी के दावों के बाद भी शादी समारोह के दौरान चोरी करने वाले गिरोह सक्रिय है। तीन दिन पहले कोलार के संस्कार उपवन गार्डन में 11 लाख का माल चुराने वालों को पुलिस पकड़ भी नहीं पाई थी कि अब ऐसे ही एक गैंग ने पीपुल्स मॉल के सामने रसधाम गार्डन में वारदात को अंजाम दिया है। इस बार ये गैंग एक प्रोफेसर की बहन के शादी समारोह से करीब ढाई लाख रुपए का माल चुरा ले गया। नाबालिग की करतूत वीडियोग्राफी के दौरान वीडियो कैमरे में कैद हो गई। दूसरे कैमरे देखे तो पता चला कि वह अपने एक अन्य साथी के साथ कार में सवार होकर फरार हो गया। निशातपुरा पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। बीती 2 मार्च की देर रात ये वारदात पुरुषोत्तम नगर, सेमरा निवासी 27 वर्षीय दीपक सिंह सोलंकी की बहन ज्योति की शादी के दौरान हुई। दीपक एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रोफेसर हैं। वरमाला का कार्यक्रम चल रहा था। फोटो सेशन के दौरान उनकी मां उषा ने रुपयों से भरा बैग एक कुर्सी पर रखा। काफी देर से उन पर नजर रख रहे नाबालिग ने रात करीब 12:19 बजे उषा का बैग चुरा लिया। करीब 20 मिनट बाद जब उनका ध्यान कुर्सी पर गया तो उन्हें चोरी का पता चला। गार्डन में लगे सीसीटीवी कैमरे और वीडियोग्राफर के कैमरे के फुटेज देखे गए। पता चला कि ये वारदात 11-12 साल के एक नाबालिग ने की है। दीपक की सूचना पर पहुंची निशातपुरा पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

निर्देश

ट्रक से मिले नवाबकालीन दस्तावेजों को सुरक्षित रखने के कोर्ट ने दिए निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

भोपाल। मध्य प्रदेश के भोपाल में एक ट्रक से बरामद नवाबकालीन दस्तावेजों को सुरक्षित रखने के निर्देश जिला अदालत ने राज्य संग्रहालय को दिए हैं। ट्रक 18 फरवरी को क्राइम ब्रांच ने पकड़ा था। इन दस्तावेजों में अहम जानकारियां हैं। दस्तावेजों में नवाब सिकंदर जहां बेगम की बेटी शाहजहां बेगम (1868-1901) से लेकर नवाब हमीदुल्ला खान (1894-1960) तक के भोपाल रियासत का मसौदा भी मिला है।

एनआरआई कॉलोनी वाली जमीन भी नवाब संपत्ति का का हिस्सा

नवाब की संपत्ति में सरकारी उपक्रम हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी भी बनाई गई। यह नवाब संपत्ति में शामिल खसरा नंबर 52 की 16 एकड़ जमीन पर थी। वर्तमान में यहां एनआरआई कॉलोनी भी है। 2008 में तत्कालीन तहसीलदार राजेंद्र पवार ने इसका नामांतरण भी कर दिया। वहीं, इस 72 एकड़ जमीन के अब तक कई टुकड़े हो चुके हैं। 12 नामांतरण तो 2008 में ही हो गए थे। सैफिया कॉलेज के चैयरमैन जैनुद्दीन शाह ने इस संबंध में आपत्ति भी लगाई है। खसरा नंबर 52 की जांच के लिए कलेक्टर भोपाल से शिकायत भी दर्ज कराई है। शाहजहां बेगम के बारे में पुरातत्वविदों का कहना है कि उन्हें इमारतें बनवाने का शौक था। इसी के चलते उन्होंने भोपाल रियासत की बागडोर संभालने के बाद लालकोठी का निर्माण करवाया था। यह लालकोठी आज राजभवन के नाम से जानी जाती है। उस समय यह कोठी पॉलीटिकल एजेंटों को ठहराने के लिए बनवाई गई थी। शाहजहां बेगम ने एक ताजमहल का भी निर्माण करवाया था। उन्होंने ने ही नूर मस्जिद, बेनजीर मंजिल, नूर महल, निशात मंजिल, नवाब मंजिल, आली मंजिल सहित अन्य इमारतें बनवाई थीं। इसके अलावा उन्होंने 1882 ईसवी में डाक व्यवस्था शुरू की थी। यह उस समय के सबसे उन्नत डाक व्यवस्था थी। इसमें डाक सेवा से जुड़े लोग न केवल पत्र को इधर से उधर तक ले जाते थे, बल्कि खुफिया एजेंट की तरह काम भी करते थे।

हालांकि यह तथ्य हयाते-शाहजहांनी में भी मिलते हैं। नवाब कालीन दस्तावेजों में भी इसका जिक्र है। ताजुल मस्जिद भी शाहजहां बेगम के शासनकाल में बनवाई गई थी। ट्रक में दस्तावेज मिलने के मामले में एंटी क्वीटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। इसकी सुनवाई कोर्ट में चल रही है।

नवाबकालीन दस्तावेजों को सहेजकर सुरक्षित रखने के लिए कोर्ट ने आर्डर कर दिया है। सील बंद इन दस्तावेजों को आगामी आदेश तक राज्य संग्रहालय में रखा जाएगा। नवाबकालीन दस्तावेजों में शाहजहां बेगम से लेकर हमीदुल्ला खान के शासन काल तक के भोपाल के इतिहास का हस्तलिखित मसौदा भी मिला है। मुमताज बेग, पुरातत्वविद

संपादकीय

मध्यप्रदेश के सियासी बवाल

मध्यप्रदेश में आठ विधायकों के अचानक दिल्ली प्रवास से वहां सियासी बवाल मच गया। 6 कांग्रेसी विधायकों के अलावा सत्तारूढ़ के गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी तथा निर्दलीय विधायक के कांग्रेस छोड़कर भाजपा जाने की अटकलें जोर पकड़ने लगी थी जिससे मध्यप्रदेश की कमलनाथ सरकार पर संकट के बादल गहराने लगे थे। बहरहाल समय रहते कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह ने मोर्चा संभाल लिया और वे दिल्ली के पास हरियाणा में स्थिति मानेश्वर होटल पहुंच गए जहां आठ विधायक रूके हुए थे, उनमे से चार कांग्रेसी विधायकों को वो अपने साथ लेकर आ गए। इसके बाद मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ ने विधायकों के साथ लंबी चर्चा की और समझा जा रहा है कि वे कुछ असंतुष्ट विधायकों को मंत्री बनाने पर विचार कर रहे है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश विधानसभा में कांग्रेस को बहुत ही कमजोर बहुमत प्राप्त है। यदि सात-आठ विधायक भी पाला बदल लेते है तो कांग्रेस सरकार गिर सकती है। फिलहाल तो मध्यप्रदेश से सियासी संकट के बादल छट गए है लेकिन अभी खतरा पूरी तरह टला नहीं है। इस बीच कांग्रेस और भाजपा के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया है कि भाजपा कांग्रेस के विधायकों की खरीद फरोक्त में लगी हुई है। कांग्रेसी विधायकों को 25 से 35 करोड़ रूपए देने का प्रलोभन दिया जा रहा है। उनके इस आरोप का खंडन करते हुए मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भाजपा इस तरह जोड़-तोड़ कर सरकार बनाने में विश्वास नहीं रखती। कांग्रेस पार्टी में ही गुटबाजी बढ़ गई है और उनकी आंतरिक कलह के कारण ही सियासी उठा पटक हो रही है इससे भाजपा कोई लेना देना नहीं है। गौरतलब है कि 26 मार्च को 17 राज्यों की 55 सीटों के लिए राज्यसभा सदस्यों का चुनाव होने जा रहा है इसमें मध्यप्रदेश की भी सीटें शामिल है इसमें भाजपा को एक सीट का नुकसान होने जा रहा है। गुजरात में भी जब पिछले साल राज्यसभा के लिए चुनाव हुए थे तो उस समय भी भाजपा पर कांग्रेसी विधायकों को लुभाने का अरोप लगा था और कांग्रेसी विधायकों को कर्नाटक ले जाना पड़ा था। दरअसल राज्यसभा चुनाव के पहले इस तरह का बवाल मचता रहा है। रही बात कांग्रेस की तो उसे इस समय नेतृत्व संकट से जूझना पड़ रहा है। कांग्रेस की अंतरीम अध्यक्ष सोनिया गांधी अश्वस्त है और उनकी जगह पार्टी के पूर्ण कालिक अध्यक्ष का पेंच अभी तक फंसा हुआ है। राहुल गांधी ने एक बार फिर अध्यक्ष पद संभालने से स्पष्ट इंकार कर दिया है। यही वजह है कि कांग्रेस पार्टी में अंतरकलह और गुटबाजी बढ़ती जा रही है। जिसके चलते कांग्रेसी विधायकों का असंतोष सामने आ रहा है।

विचार

सीएए: सवाल दर सवाल

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) पर सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप याचिका दायर की है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त मिशेल बैश्लेट जेरिया की ओर से दायर इस याचिका में कहा गया है कि वह इस मामले में मानवाधिकारों की रक्षा करने, उसे बढ़ावा देने और उस संबंध में आवश्यक वकालत करने के लिए मिले अधिदेश (मैंडेट) के आधार पर न्यायमित्र (तीसरे पक्ष) के तौर पर हस्तक्षेप करना चाहती हैं। उनकी दलील है कि भारत जनतंत्र और मानवाधिकारों के मामले में सभी अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का पालन करता रहा है और भारतीय संविधान जनतंत्र और समानता का पक्षधर है, लेकिन यह कानून कहीं न कहीं इन मूल्यों से मेल नहीं खाता। कोर्ट से उनका आग्रह इस बात की जांच करने का है कि यह कानून जनतांत्रिकता और हर किसी को समान नजरिए से देखने की मूल भावना के अनुरूप है या नहीं। ऐसा पहली बार हुआ है जब यूएनएचआरसी ने भारत के किसी कानून के खिलाफ उसकी शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है। इसके पहले 27 फरवरी को यूएनएचआरसी उच्चायुक्त कार्यालय ने अपनी रिपोर्ट में कश्मीर और सीएए, दोनों पर गहरी चिंता जताई थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि 'भारत में बहुत बड़ी तादाद में लोगों ने सीएए का विरोध किया है और इनमें सभी समुदायों के लोग शामिल हैं। यह विरोध मोटे तौर पर शांतिपूर्ण रहा है मगर चिंता की बात है कि पुलिस ने इन विरोध प्रदर्शनों से निपटने में ज्यादतियां की हैं। इसके बाद सांप्रदायिक दंगे हुए, जिनमें लोग मारे गए हैं।' मानवाधिकार उच्चायुक्त ने यह रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद को सौंपी है। बहरहाल, सीएए के मामले में यूएनएचआरसी की इस पहल पर भारत सरकार ने गहरी आपत्ति जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा कि हमारा स्पष्ट रूप से मानना है कि भारत की संप्रभुता से जुड़े मुद्दों पर किसी विदेशी पक्ष का कोई अधिकार नहीं बनता। भारत का रुख साफ है कि सीएए संवैधानिक रूप से सही है। एक बात तय है कि पिछले साल दिसंबर में पारित नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) देश में अब तक पारित सबसे विवादास्पद कानूनों में से एक है। यह ऐसा कानून है जिसका बढ़-चढ़कर विरोध और समर्थन, दोनों हो रहा है। विरोध की घटनाएं देश के बाहर भी देखी जा रही हैं। कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं इसे भेदभावपूर्ण मानती हैं। अभी पिछले महीने यूरोपीय संसद में सीएए को लेकर पेश पांच विभिन्न संकल्पों से संबंधित संयुक्त प्रस्ताव पर मतदान होना था, जिसे ऐन मौके पर टाल दिया गया। यह वाकई एक असाधारण मौका है, जब बाहर के लोग हमें याद दिला

कोरोना का आतंक: घबराएं नहीं पर सतर्क रहें

योगेश कुमार गोयल

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने अथवा उसे कम करने के लिए जो सावधानियां बरतने की सलाह दी है और इस वायरस के संक्रमण के खतरे को कम करने के जो उपाय बताए हैं,उनके अनुसार अपने हाथ साबुन और पानी या अल्कोहल युक्त हैंड रब से साफकरें, खांसते या छींकते समय अपनी नाक और मुंह को टिश्यू या मुड़ी हुई कोहनी से ढ़कें। कोरोना को लेकर भले ही पूरी दुनिया में दहशत का माहौल है लेकिन ऐसा भी नहीं है कि कोरोना का संक्रमण हो जाने का सीधा अर्थ मौत ही है। अगर कोरोना से संक्रमित हुए लोगों के मामले देखें तो जहां भारत में केरल में मिले तीनों मरीज उपचार के बाद ठीक हो गए, वहीं चीन में अभी तक काफी लोगों को इलाज के बाद ठीक किया जा चुका है। हालांकि कोरोना वायरस के संक्रमण का अभी तक कोई पुख्ता इलाज नहीं है क्योंकि अब तक इसकी कोई वैक्सीन या टीका नहीं बना है। कोरोना से बचने का एकमात्र तरीका इससे बचने के लिए सुरक्षा के पर्याप्त उपाय अपनाया जाना ही है। बहरहाल, कोरोना के बढ़ते खतरे को देखते हुए बेहद जरूरी है कि भारत में अब कोरोना की दस्तक को हल्के में न लिया जाए और हर व्यक्ति को इससे बचने के तौर-तरीकों और

दिसम्बर माह में चीन से शुरू हुआ कोरोना वायरस का आतंक अब एक-एक कर दुनिया के 70 से भी अधिक देशों में पैर पसार चुका है और दर्जन भर देशों में इसके चलते मौतें भी हो चुकी हैं। चीन में कोरोना संक्रमण के 80 हजार से भी ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं और तीन हजार से अधिक मौतें हो चुकी हैं। संक्रमण के मामले में चीन, ईरान, इटली, कोरिया तथा सिंगापुर की स्थिति ज्यादा चिंताजनक है। दूसरी ओर कुछ दिनों पहले भारत में मिले तीन कोरोना मरीजों के ठीक होने के बाद अब दो दिनों के भीतर 11 राज्यों में कोरोना के कई संदिग्ध मरीजों के मिलने से हड़कंप मचा है। इनमें से लगभग सभी दूसरे देशों की यात्रा करके भारत लौटे थे। यही कारण है कि सरकार द्वारा आनन-फानन में सक्रियता दिखाते हुए इटली, ईरान, कोरिया और जापान के वीजा निलंबित कर 12 से भी अधिक देशों से आने वाले यात्रियों की जांच का निर्णय लिया गया है।

चीन के बाहर भी करीब नौ गुना तेजी से फैल रहे कोरोना के बढ़ते खतरे को लेकर लोगों की चिंता बढ़ना तो स्वाभाविक है लेकिन इससे घबराने के बजाय इससे बचने के लिए विशेष सतर्कता और एहतियात बरतना सबसे जरूरी है। संतोषजनक स्थिति यह है कि भारत में कोरोना के नए मामले सामने आने के बाद भारत में भी चीन जैसे हालात न बनने पाएं, इसके लिए सरकार और स्वास्थ्य तंत्र तुरंत सतर्क हो गए हैं और इस वायरस का प्रसार रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले अगर कोरोना का आतंक हमारे यहां अब तक इस कदर नहीं गहराया तो इसका सबसे बड़ा कारण यही रहा कि जहां चीन ने इस संक्रमण के सामने आने के बाद खबर को दबाने में काफी समय गंवा दिया, वहीं भारत ने समय रहते संक्रमण से बचाव के तरीकों पर कार्य करना शुरू कर दिया था। केरल में कोरोना संक्रमण के तीन मामले सामने आने के बाद ही सरकार द्वारा तमाम एहतियाती कदम उठाए गए थे और भारतीय नागरिकों को चीन न जाने की सलाह देते हुए वहां से आने वाले व्यक्तियों को ई-वीजा नहीं देने का निर्णय लिया गया था। दरअसल भारत व्यापार, कांफ्रेंस, पर्यटन, स्वास्थ्य और मरीजों के सहयोगी के लिए ई-वीजा जारी करता है।

दुनियाभर में कोरोना के आतंक को देखें तो इसने मौतों के मामले में वर्ष 2003 में कहर बनकर बरपे 'सार्स' (गंभीर तीव्र श्वसन सिंड्रोम) को भी काफी पीछे छोड़ दिया है। कोरोना वायरस के संबंध में चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग का मानना है कि कोरोना वायरस का करीब 17 साल पहले चीन में आतंक मचा चुके सार्स से जुड़ाव खतरनाक है। कुछ वर्षों पहले सार्स नामक खतरनाक बीमारी का संबंध भी चीन से ही था, जिसके चलते करीब आठ सौ लोगों की मौत हुई थी। कोरोना संक्रमण को लेकर पूरी दुनिया में दहशत के माहौल को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पहले ही वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दिया गया था और संगठन द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण को आतंकवाद से भी गंभीर बताया जा चुका है। दरअसल कोई नहीं जानता कि कोरोना



संक्रमण से विश्वव्यापी दहशत और हो रही मौतों का यह सिलसिला कहां जाकर थमेगा? विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना वायरस को 'कोविड-19' (सीओवीआईडी-19) नाम दिया है, जिसका अर्थ है कोरोना वायरस डिजीज। चिंताजनक स्थिति यह है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन स्वयं यह स्वीकार कर रहा है कि विश्वभर में संक्रामक रोग अब पहले से कहीं ज्यादा तेजी से फैल रहे हैं और 1970 के दशक से प्रतिवर्ष नए-नए रोगों के बारे में जानकारी मिल रही है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार अब तक छह प्रकार के कोरोना वायरस की ही जानकारी थी लेकिन वुहान में नए प्रकार के कोरोना वायरस का पता चलने के बाद इनकी संख्या बढ़कर सात हो चुकी है। कोरोना वास्तव में वायरसों का एक बड़ा समूह है, जो कुछ जंगली जानवरों में पाया जाना एक आम बात है। कोरोना वायरस वैसे तो कई किस्म के होते हैं लेकिन अभी तक कुल छह किस्म के इन वायरसों को ही इंसानों को संक्रमित करने के लिए जाना जाता रहा था। अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीएस) के मुताबिक यह वायरस जानवरों से मनुष्यों तक पहुंच जाता है लेकिन इसके मनुष्य से मनुष्य में फैलने की नई प्रवृत्ति ने इसे अत्यंत घातक बना दिया है। इस वायरस से संक्रमित किसी व्यक्ति के सम्पर्क में आने पर यह आसानी से फैल सकता है। एक अध्ययन से यह तथ्य भी सामने आया है कि नया कोरोना वायरस औसतन एक मरीज से दस लोगों में फैल रहा है। लंदन के इंपीरियल कॉलेज के संक्रमण रोग विशेषज्ञ नील फर्यूसन का कहना है कि नया कोरोना वायरस इतना खतरनाक है कि संक्रमण के 60 फीसदी मामलों में सफलता पाकर ही इसे मंद किया जा सकेगा। नए कोरोना वायरस के संक्रमण का अभी तक कोई इलाज नहीं है क्योंकि अब तक इसकी कोई वैक्सीन या दवा नहीं बनी है। कोरोना वायरस के प्रकोप के चलते दुनियाभर में निवेशकों की चिंता भी बढ़ी है। इस वायरस के खौफ के चलते चीन के साथ-साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है, जिसका असर आने वाले समय में लंबे समय तक देखा जाता रहेगा। जनवरी माह से लेकर अभी तक 11 लाख करोड़ रुपये डूबने का अनुमान लगाया जा रहा है। भारत में चीन से आने वाले कच्चे माल की उपलब्धता न होने के कारण उद्योगों पर बुरा असर पड़ रहा है। इसके अलावा पर्यटन उद्योग और विमानन क्षेत्र को भी काफी घाटा हो रहा है। भारत में रोजगार के क्षेत्र में पर्यटन क्षेत्र का करीब दस फीसदी योगदान है और डीजीपी में इसकी करीब सात फीसदी हिस्सेदारी है। क्वाट्र्ज इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल भारत में 1.09 करोड़ विदेशी पर्यटक आए थे लेकिन कोरोना के वैश्विक आतंक के चलते पर्यटकों की संख्या में इस साल बहुत बड़ी गिरावट आना तय है। पिछले साल विदेशी पर्यटकों से भारत को करीब 28 अरब डॉलर की आय हुई थी लेकिन कोरोना के कारण इस वर्ष पर्यटन क्षेत्र पर बहुत बुरा असर पड़ेगा।

कोरोना इतना संक्रामक है कि खांसी, छींक अथवा हाथ मिलाना भी इसके जोखिम का कारण बन सकते हैं। किसी संक्रमित व्यक्ति के छूने और फिर अपने मुंह, नाक अथवा आंखों को छूने से भी इस वायरस का संक्रमण हो सकता है। इसके संक्रमण के बाद सामने आने वाले लक्षणों में तेज बुखार, खांसी, जुकाम, सांस लेने में तकलीफ, नाक बहना और गले में खराश, कभी-कभी सिरदर्द इत्यादि प्रमुख हैं। निमोनिया, फेफड़ों में सूजन, छींक आना, अस्थमा का बिगड़ना भी इसके लक्षण हैं। कुछ ऐसे मामले भी सामने आए हैं, जिनमें कोरोना संक्रमण के बाद भी कई दिनों तक कोई लक्षण नजर नहीं आए।

ऐसे मामले काफी खतरनाक साबित हो रहे हैं। बुजुर्ग

फिर आतंक की राह पर अफगानिस्तान ?



डॉ शिशिर उपाध्याय

अमेरिका के रिपब्लिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने वह काम किया है, जो डेमोक्रेटिक पार्टी के पिछले राष्ट्रपति बराक ओबामा भी नहीं कर पाए थे। ओबामा के ऊपर भी इस बात का दबाव था कि वे अफगानिस्तान में चल रही लड़ाई को खत्म कराएं और अमेरिकी सैनिकों की वापसी कराएं। उन्होंने इस बारे में विचार भी किया था। पर अंततः उनके प्रशासन की हिम्मत नहीं हुई है कि अफगानिस्तान को बर्बर आतंकवादी संगठन तालिबान के हवाले छोड़ा जाए।

ध्यान रहे अफगानिस्तान में वैसे तो एक चुनी हुई सरकार है पर वह सरकार तभी तक सुचारू रूप से काम कर सकती है, जब तक अमेरिका और नाटो की सेना अफगानिस्तान की सरजमीं पर मौजूद है। नाटो की फौज के हटते ही तालिबान, अलकायदा और दूसरे दर्जनों आतंकवादी व उग्रवादी संगठनों का तांडव शुरू होगा, उसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। यह भी ध्यान रखने की बात है कि अफगानिस्तान में तालिबान के समर्थन वाले आतंकवादियों से लड़ते हुए अमेरिका के 23 सौ से ज्यादा जवान शहीद हुए हैं। इन सबका ख्याल किए बगैर अमेरिका ने तालिबान के साथ समझौता किया है। यह समझौता भारतीय उपमहाद्वीप के लिए तो घातक होगा ही साथ ही अमेरिका और उसके 35 करोड़ नागरिकों का जीवन भी खतरे में डालने वाला होगा। अमेरिका के यह समझौता करने से यह भी साबित हो गया है कि आतंकवाद के खिलाफ उसकी वैश्विक लड़ाई की असली हकीकत क्या है और उसका क्या अंजाम होगा। अगर वह तालिबान जैसे संगठन से समझौता कर सकता है और पाकिस्तान से आतंकवाद खत्म करने की उम्मीद पाल सकता है तो इसका मतलब है कि आतंकवाद से उसकी लड़ाई बेमतलब है। इसका कुछ भी हासिल नहीं होने वाला है। अफगानिस्तान में 1995 से लेकर 2001 में अमेरिका पर हुए आतंकवादी हमले तक तालिबान का शासन था। वह कैसा बर्बर शासन था, उसका लिखित इतिहास अमेरिका के पास भी है और सारी दुनिया जानती है। यह सभी जानते हैं कि तालिबान एक बर्बर आतंकवादी संगठन है। सो, अगर अमेरिकी उसकी मदद से शांति की उम्मीद कर रहा है तो वह मांस की रखवाली में गिद्ध को बैठा कर मांस को सुरक्षित रखने के ख्याल जैसा है। अमेरिका ने इस संधि में कहा है कि अगर तालिबान शांति बहाली के लिए तय की गई शर्तों के हिसाब से काम करता है तो 14 महीने में पूरी फौज का वापसी हो जाएगी। फिलहाल अफगानिस्तान में 13 हजार अमेरिकी सैनिक हैं, जिनमें से 86 सौ की वापसी पहले होने

वाली है। इस हकीकत को ट्रंप प्रशासन भी जानता है पर राष्ट्रपति चुनाव से पहले अफगानिस्तान में पिछले 18 साल से चल रहे युद्ध को खत्म करने की राजनीतिक मजबूरी में अमेरिका ने तालिबान के साथ समझौता किया है। इस समझौते के तहत अमेरिकी और नाटो फौजें चरणबद्ध तरीके से वापस लौटेंगी। बदले में अमेरिका तालिबान के करीब पांच हजार आतंकवादियों को रिहा करेगा। यह करके अमेरिका यह भ्रम पाल रहा है कि तालिबान शांति बनाने का काम करेगा।

ध्यान रहे अमेरिका हमेशा कहता रहा है कि वह आतंकवादियों से समझौता नहीं करता है। अगर ऐसा है तो तालिबान से हुआ समझौता क्या है? क्या तालिबान से भी बड़ा कोई आतंकवादी संगठन है? इसने एक समय दुनिया के सबसे खूंखार आतंकवादी संगठन रहे अलकायदा को जन्म दिया। अलकायदा ने ही अमेरिका में अब तक के ज्ञात इतिहास का सबसे बड़ा आतंकवादी हमला किया था। 9/11 का हमला, जिसके बाद माना जाता है कि दुनिया पूरी तरह से बदल गई, उसे अलकायदा ने अंजाम दिया था। तालिबान का जुड़ाव उस अलकायदा से है और अमेरिका ने उसके साथ समझौता किया है। इस समझौते का भले जो भी नाम किया जाए पर हकीकत यह है कि अमेरिका ने आतंकवादियों के साथ समझौता किया है।

असल में तालिबान पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का ही विस्तार है। उसे आईएसआई ने तैयार किया है और उसी की मदद से यह आतंकवादी संगठन इतने बरसों से फलफूल रहा है। यह भी सभी जानते हैं कि आईएसआई का एकमात्र एजेंडा क्या है। उसका एकमात्र एजेंडा भारत के खिलाफ छद्म युद्ध चलाए रखना और कश्मीर में अस्थिरता फैलाए रहने का है। इस काम में वह तालिबान का इस्तेमाल करेगा। पहले भी करता रहा है। जब अफगानिस्तान में तालिबान का शासन था तब कश्मीर में अफगान लड़ाके भर गए थे। वहां से प्रशिक्षण पाकर आतंकवादी सीमा पार करते थे और पाकिस्तानी फौज के साथ मिल कर भारत के खिलाफ अभियान चलाते थे। भारत को एक बार फिर वैसी ही स्थिति के लिए तैयार हो जाना चाहिए।

भारत हालांकि अफगानिस्तान के चुने हुए नेताओं के संपर्क में है और जिस समय कतर 29 फरवरी को हुए समझौते से ठीक पहले विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला काबुल पहुंचे थे। वहां उन्होंने राष्ट्रपति अशरफ गनी और सीईओ अब्दुल्ला अब्दुल्ला से मुलाकात की थी। भारत ने चुनी हुई सरकार को अपना समर्थन दिया है। पर बिना नाटो की फौज के चुनी हुई सरकार कितने दिन तक काम कर पाएगी, यह कहना मुश्किल है। ऐसा लग रहा है कि एक बार फिर अफगानिस्तान में नब्बे के देशक वाला कबिलाई दौरे लौटेगा, जिसमें वहां के स्थानीय लोगों का जीवन नरक बनेगा तो भारत की भी मुश्किलें बढ़ेंगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सत् के साधक लुलुवा

सत् के साधक लुलुवा हो जाय फेर रद्दा ले टरय नहीं कतकों लोभ, छ ल - ब ल आवय तभो कोनो ल डरय नहीं कोंच-हुदर ले परछो खातिर फेर गुस्सा म बरय नहीं इही चिन्हारी आय वोकर वो बात ककरो ल धरय नहीं।

- सुशील भोले

मित्र अगर गहरे दु:ख

कोई मित्र अगर गहरे दु:ख में आनेवाला हो तो प्रकृति संकेत देती रहती है लगातार आसमान साफ रहते हुये भी उसकी रौशनी तालाब के तलछट के गँदले पानी जैसा हो जाता है.मन या की पूरा अस्तित्व इंतज़ार करता है,रौशनी को अपने सच्चे स्वरूप में आने का।

- शेष अमित

खास पाती

ज्योतिष का विधान देखो

ज्योतिष का विधान देखो, गुणों को मिलाते हैं अवगुणों के साथ लेकिन जिंदगी बिताते हैं गुणों की रफ्तार, धीमी रहती ही सदा से आई गुणों का गुणगान केवल करके ही रिझाते हैं बहुत से गुणीजनों से करके देखी बात हमने राहु-केतु मंगल-शनि सभी को डराते हैं दुनियां भरी पड़ी है, सज्जनों और दुर्जनों से जायेंगे कहां फिर, ये ही लोग तो टकराते हैं दुविधा सभी को रहती कैसा होगा जीवनसाथी तभी तो अधिकतर लोग, कुंडली मिलाते हैं।

- जे डी कुदाल

होता नशा इतना शराब में क्यो

होता नशा इतना शराब में क्यो न फिर गम जाता घुल होता सुरूर इतना शराब में क्यों न फिर प्यार जाता भूल शराब तो बस यूं ही है बदनाम न मिलता सुकून न खोता होश किसी के लिए है ये आदत किसी के लिए है ये ज़रूरत किसी के लिये है मन बहलाना किसी के लिए है ये फैशन है बस शराब वो शय जो बना लेती गुलाम अपना दे कर दिलासे झूठे सच्चे होता नशा शराब में तो फिर क्यों न घुल जाते दुख और गम सारे।।

- मीनाक्षी सुकुमारन

दिल की दुकान पर छान लिया

दिल की दुकान पर छान लिया न सब सिर्फ तस्वीरे नजर आई .... कोई आवाज नहीं आई ..... दिल तेरा धड़क रहा था तस्वीरें चुप थीं चुप तो तू भी था .... आंखें कुछ बोल रहीं थीं कहां है तू ...... बोल न .... कुछ बोल तो सही और वो मौन टकटकी लगा देखती रही चुपचाप बोलती क्या वो तस्वीर थी।

- प्रतीमा शर्मा

अपना बनकर बहुत दर्द देने लगे हो

अपना बनकर बहुत दर्द देने लगे हो तुम इससे तो पहले पराये ही ठीक थे जरूरत नहीं थी किसी की मुझको जानबूझ कर लगता है जरूरी बन गये समेंट कर तुम्हारी यादों को बैठी हूँ कबसे फुरसत मिले तुम्हें तो इन्हें बिखरने से पहले ले जाओ न चाहा नहीं था चाहूं तुमको फिर चाह कर कैसे भुला दूँ भला सुना था पता नहीं था दिल का टूटा तब जाकर मालूम हुआ दिल था।

- लक्ष्मी माहौर

डिलीट जितना तेजी से होता है

डिलीट जितना तेजी से होता है उतनी तेजी से डाऊनलोड नही होता। क्योकि ..समय सर्जन में ही लगता है। विसर्जन में नही, वो चाहे कोई एप्लिकेशन हो या फिर रिश्ते।।

- धीरज सिंह धीरू

रूठने और मनाने का वक्त अब

रूठने और मनाने का वक्त अब जा चुका है अब बात आर-पार की होगी हम इतने ज्यादा नीचे नहीं गिर सकते कि हम खुद से ही नजर ना मिला सके इसीलिए आप दफा हो जाइए हमारी नजरों से।

- प्रवीण माटी

दिल में मेरे चुभा वो नश्तर अजीब

दिल में मेरे चुभा है, वो नश्तर अजीब है। आँखों में मेरे आज समंदर अजीब है। ग़लती मेरी नहीं है , सज़ा मिल रही मगर , ये देखिये मेरा भी मुक़द्दर अजीब है।

- 'ऐनुल' बरौलवी

QUIZ TIME

1) यदि कोई क्रिकेट गेंद को अधिकतम दूरी तक फेंकना चाहता है, तो उसे किस कोण पर फेंकना चाहिए?
(क) 30 डिग्री (ख) 45 डिग्री (ग) 60 डिग्री (घ) 90 डिग्री

2) संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस कब मनाया जाता है? (14 जून / 14 अगस्त)

3) पैथोलॉजिस्ट थॉमस हार्वे ने 240 टुकड़ों में क्या काटकर निकाला था?

4) फिरोज गांधी पुरस्कार, खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। (सही / गलत)

5) स्विट्जरलैंड में स्थित इस संगठन का नाम बतायें ?

उत्तरमाला- (1) 45 डिग्री (2) 14 जून (3) अल्बर्ट आइंस्टीन का मस्तिष्क (4) गलत, पत्रकारिता (5) विश्व चर्च परिषद

Ramaquiz

आज का इतिहास

नई दिल्ली । 1508 - मुगल शासक नसीरुद्दीन मुहम्मद हुमायूँ का जन्म हुआ। 1775 - मराठा साम्राज्य के पूर्व पेशवा रघुनाथ राव ने अंग्रेजों के साथ सूरत की संधि पर हस्ताक्षर किये जिसके कारण पहला एंग्लो-मराठा युद्ध शुरू हुआ। 1886 - नर्सों की पहली पत्रिका नाइटिन्गेल प्रकाशित हुई। 1902 - मशहूर फुटबॉल क्लब स्पेन के 'मैड्रिड क्लब' की स्थापना हुई थी। 1915 - राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और रवीन्द्रनाथ टैगोर पहली बार शांति निकेतन में मिले। 1924 - इस्मत इनोनु ने तुर्की में एक नयी सरकार बनायी। 1931 - महात्मा गांधी जी ने सिविल अवज्ञा आंदोलन खत्म किया। 1944 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका ने मित्र देशों के साथ मिलकर बर्लिन पर भारी बमबारी की।

फ्लिप्कार्ट के सह-संस्थापक सचिन बंसल के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

फ्लिप्कार्ट के सह-संस्थापक सचिन बंसल के ऊपर उनकी पत्नी ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। बता दें कि सचिन बंसल की पत्नी प्रिया ने बेंगलुरु के कोरमंगला पुलिस स्टेशन में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। दर्ज की गई एफआईआर में चार लोगों का नाम दिया गया है - सचिन बंसल, उनके पिता सतप्रकाश अग्रवाल, मां किरण बंसल और भाई नितिन बंसल।

प्रिया बंसल की शिकायत में, बंसल को आरोपी एक (ए 1) के रूप में नामित किया गया है, इसके बाद सत प्रकाश अग्रवाल (ए2), किरण बंसल (ए 3) और नितिन बंसल (ए 4) को रखा गया है। जांच अधिकारी ने कहा कि जांच जारी है और बंसल को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।

शारीरिक और यौन उत्पीड़न के आरोप

शिकायतकर्ता प्रिया बंसल ने आरोप लगाया है कि उसके पिता ने शादी में 50 लाख खर्च किए थे और सचिन को कार के बदले 11 लाख रुपए नकद दिए थे। उसने यह भी आरोप लगाया कि उसका पति उसके नाम पर प्रॉपर्टी ट्रांसफर करने के लिए दबाव बना रहा था और जब उसने ऐसा करने से इनकार कर दिया तो उसे ससुराल वालों द्वारा परेशान किया गया। शिकायतकर्ता ने आरोपियों पर शारीरिक और यौन उत्पीडऩ के आरोप भी लगाए।

नईदिल्ली। रिपोर्ट के अनुसार, मामले में प्रिया बंसल ने कहा है कि उसके पिता ने शादी में 50 लाख रुपये खर्च किए थे और कार के बदले सचिन को 11 लाख रुपये की राशि दी थी। उन्होंने आरोप लगाया है कि सचिन उनके नाम पर प्रॉपर्टी ट्रांसफर करने के लिए दबाव बना रहे थे। जब प्रिया ने ऐसा करने से मना कर दिया, तो उसे ससुराल वाले परेशान करने लगे। शिकायतकर्ता ने आरोपियों पर शारीरिक और यौन उत्पीड़न के आरोप भी लगाए हैं।

इस मामले में पुलिस का कहना है कि सचिन के परिवार वाले शहर से बाहर हैं, उनके आने के बाद उनसे पूछताछ की जाएगी। पुलिस ने जांच से संबंधित ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया है। उन्होंने बताया कि मामला 498ए और 314डीपी से जुड़ा हुआ है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि फ्लिपकार्ट के सह-संस्थापक सचिन बंसल की पत्नी प्रिया ने बेंगलुरू के कोरमंगला पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है।मड़ीवाला के सहायक पुलिस आयुक्त कारी बसवनगौड़ा ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से इसकी पुष्टि की। एफआईआर में प्रिया बंसल ने आरोप लगाया कि शादी के बाद यह तय किया गया कि मैं अपने पति के साथ रहूंगी। शादी से पहले ससुराल वाले मेरे घर आए और दहेज मांगा। मेरे पति और ससुराल वाले मुझे शादी के लिए मानसिक और शारीरिक यातना दे रहे हैं। उन्होंने साथ ही बताया कि जब मेरी बहन राधिका गोयल दिल्ली में थीं, तब सचिन ने उनका यौन उत्पीड़न किया था, सचिन ने मेरे नाम की सभी संपत्तियां अपने नाम पर ट्रांसफर करने की कोशिश की थी और जब मैंने मना कर दिया तो सचिन ने 20 अक्टूबर, 2019 को मेरा शारीरिक शोषण किया था। इतना ही नहीं मुझे ससुराल वालों की तरफ से भी मानसिक और शारीरिक यातनाएं झेलनी पड़ी। सचिन बंसल की पत्नी प्रिया बंसल ने आरोप लगाया कि उसके पिता ने उसकी शादी पर 50 लाख रुपये खर्च किए और इसके अलावा 38 वर्षीय बंसल को 11 लाख रुपये भी दिए।उन्होंने साथ ही कहा कि भारत में ई-कॉमर्स की अग्रणी कंपनी का संस्थापक उन्हें अपने स्वामित्व के नाम पर सभी संपत्तियों को ट्रांसफर करने के लिए परेशान कर रहा है।उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा ना करने की वजह से सचिन बंसल और उनका परिवार उसे परेशान कर रहा है।

निफ्टी में 100 अंकों की तेजी

लीवाली बढ़ने से सेंसेक्स 450 अंक उछला

मुंबई। विदेशी संकेतों और घरेलू बाजार में तेजी के रुझानों के बीच लिवाली बढ़ने से सेंसेक्स 450 अंक से ज्यादा उछला और निफ्टी में भी 100 अंकों से ज्यादा की तेजी आई। पूर्वाह्न 11.58 बजे सेंसेक्स पिछले सत्र से 376.58 अंकों यानी 0.98 फीसदी की बढ़त के साथ 38,786.06 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी में पिछले सत्र के मुकाबले 103.05 अंकों की तेजी के साथ 11,364.05 पर बना हुआ था।

इससे पहले बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के 30 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक सेंसेक्स पिछले सत्र से 194.77 अंकों की बढ़त के साथ 38,604.25 पर खुला और 38,867.80 तक चढ़ा।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के 50 शेयरों पर आधारित प्रमुख संवेदी सूचकांक निफ्टी भी 55.05 अंकों की तेजी के साथ 11,306.05 पर खुला और 11,382.25 तक उछला।

बाजार के जानकारों ने बताया कि विदेशी बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों और भारत सरकार द्वारा कोरोना वायरस के प्रकोप की रोकथाम के लिए उठाए गए कदमों से बाजार में तेजी का रुझान देखने को मिला और लिवाली बढ़ी।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री हर्षवर्धन ने गुरुवार को राज्यसभा में कोरोना वायरस के प्रकोप से निपटने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से सदन को अवगत कराया।

एक दिन बाद फिर सस्ता हुआ पेट्रोल, डीजल के भी दाम घटे

नईदिल्ली। पेट्रोल और डीजल के दामों में एक दिन की स्थिरता के बाद गुरुवार को फिर कमी आई है। देश की राजधानी दिल्ली में डीजल का दाम पिछले साल जून के बाद 64 रुपये लीटर से नीचे आया है, जबकि पेट्रोल का दाम जुलाई 2019 के बाद के निचले स्तर पर है। तेल विपणन कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल के दाम में दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में 15 पैसे जबकि चेन्नई 16 पैसे प्रति लीटर की कटौती की है। वहीं, डीजल का दाम दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में नौ पैसे जबकि चेन्नई में 10 पैसे प्रति लीटर कम हो गया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल का दाम घटकर क्रमशः 71.29 रुपये, 73.96 रुपये, 76.98 रुपये और 74.07 रुपये प्रति लीटर हो गया है। चारों महानगरों में डीजल का भाव भी घटकर क्रमशः 63.94 रुपये, 66.27 रुपये, 66.96 रुपये और 67.47 रुपये प्रति हो गया है। बाजार के जानकार बताते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में पिछले दिनों आई भारी गिरावट के कारण देश में पेट्रोल और डीजल के दाम में कटौती की गई है, जिससे उपभोक्ताओं को तेल की महंगाई से राहत मिली है।

गौरतलब है कि भारत अपनी जरूरतों का तकरीबन 84 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है, इसलिए देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के भाव पर निर्भर करती हैं। कोरोनावायरस का प्रकोप चीन से निकलकर दुनिया के अन्य देशों में फैलने लगा है। इसके कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होने की आशंकाओं के बीच कच्चे तेल के दाम में बीते दिनों भारी गिरावट आई।

हालांकि, गुरुवार को कच्चे तेल में

डालर के मुकाबले रुपया 20 पैसे लुढ़ककर 73.39 रुपये प्रति डालर पर पहुंचा

मुंबई। कोरोना वायरस से प्रभावित मामलों की संख्या बढ़ने के साथ निवेशकों की चिंता भी बढ़ती जा रही है। विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को कारोबार की समाप्ति पर डालर के मुकाबले रुपया 20 पैसे गिरकर 73.39 रुपये प्रति डालर पर बंद हुआ। अमेरिका के फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में आधा प्रतिशत की बड़ी कटौती किये जाने के बावजूद मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये में गिरावट का रुख बना हुआ है। रुपये में कारोबार की शुरुआत बुधवार को हालांकि मजबूती के साथ हुई और यह जल्द ही 72.90 रुपये प्रति डालर तक पहुंच गया। लेकिन देश में कोरोना वायरस के मामले बढने के साथ ही निवेशकों में मायूसी छा गई। उनका मानना है कि आपूर्ति में आ रही तंगी से निपटने के लिये दरों में कटौती काफी नहीं होगी। इससे संक्रमण की दर को सीमित करने में भी कोई मदद नहीं मिलेगी। भारत सरकार ने बुधवार को कहा कि अब तक देश में कोराना वायरस के 28 मामले सामने आये हैं। संकट के इस दौर में निवेशकों ने अमेरिकी डालर पर ही अपना दांव लगाया और रुपये की शुरुआती बढ़त जाती रही और यह जल्द ही गिरकर 73.64 रुपये प्रति डालर तक गिर गया। दिन में ऊंचे और नीचे भाव के बीच 74 पैसे का अंतर आने के बाद कारोबार की समाप्ति पर यह पिछले दिन के बंद भाव के मुकाबले 20 पैसे गिरकर 73.39 रुपये प्रति डालर पर बंद हुआ।

किया ने फरवरी में बेचे 14024 वाहन

नई दिल्ली। देश के यात्री कार वर्ग में कुछ समय पहले ही कदम रखने वाली किया मोटर्स इंडिया ने फरवरी..20 में 15644 वाहनों की रिकार्ड बिक्री की है। कंपनी की तरफसे गुरुवार को यह जानकारी दी गई । इसी के साथ कंपनी देश की तीन सर्वाधिक यात्री वाहन बेचने वाली कंपनियों में शामिल हो गई है। एसयूवी श्रेणी में किया ने सेल्टोस माडल की 14024 यूनिट्स बेचकर अपना प्रभुत्व बनाये रखा । कंपनी की हाल ही में लांच की कई कार्निवल को उपभोक्ताओं से जबर्दस्त समर्थन मिला । किया की सेल्टोस देश में लगातार दूसरे माह सर्वाधिक बिकने वाला एसयूवी माडल रहा । फरवरी में कार्निवल माडल की बिक्री 1620 इकाई रही। किया ने कहा है कि फरवरी में माह में देश में यात्री वाहनों की कुल बिक्री में 4.4 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद कंपनी 1.3 फीसदी की बढ़ोतरी हासिल करने में सफल रही है । कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी कुखयून शिम ने वाहन बिक्री पर खुशी जाहिर करते हुए कहा,÷ मैं ग्राहकों से मिले समर्थन को लेकर बेहद उत्साहित हूं । भारतीय उपभोक्ताओं ने जिस आत्मीयता से हमें अपनाया है, उससे मैं काफी खुश हूं। शिम ने कहा कि किया के वाहनों की गुणवत्ता,विश्वसनीयता और डिजाइनिंग के मामले में खूबसूरती ही प्रमाणित नहीं होती,बल्कि इससे यह संकेत भी मिलता है कि भारतीय उपभोक्ताओं की पसंद का दायरा भी धीरे-धीरे बढ़ने लगा है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

देश में कोरोना संक्रमित

गुरुवार तक इस प्रक्रिया में तेजी आ गई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारतीय चिकित्सा दल आज ही ईरान पहुंच जाएगा और अधिकारी कोरोना वायरस के प्रकोप के मद्देनजर वहां फंसे भारतीयों की वापसी के लिए ईरान के अपने समकक्षों के साथ साजोसामान पर काम कर रहे हैं।

मध्यप्रदेश में सियासी

हुआ, जब मध्य प्रदेश में कांग्रेस, बीएसपी और एसपी के कुल नौ विधायक अचानक गायब हो गए। जो 6 विधायक लौट आए हैं, उनमें से 3 कांग्रेस के, 2 बीएसपी के और एक एसपी के विधायक हैं। इनमें से 3 दिग्विजय के करीबी और बाकी दो विधायक मंत्री न बनाए जाने से नाराज हैं जबकि एक विधायक ज्योतिरादित्य सिंधिया के कैंप का है। पार्टी से जुड़े लोगों का कहना है कि कमलनाथ सरकार के कुल 14 विधायक नाराज चल रहे हैं, जिन पर बीजेपी की नजर है। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को आरोप लगाया था कि बीजेपी ने कांग्रेस के छह, बीएसपी के दो (एक निलंबित) और एक निर्दलीय विधायक को गुरुग्राम के एक होटल में बंधक बनाया था। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने दो दिन पहले सरकार को समर्थन देने वाले विधायकों को 25 से 35 करो? रुपये का ऑफर दिए जाने का आरोप लगाया था और फिर कुछ विधायकों को बीजेपी द्वारा दिल्ली ले जाने की बात कही थी। उसके बाद से राज्य की सियासत में हलचल मची हुई है।

राष्ट्रीय उद्यानों में आने वाले

की तत्काल जाँच करवाने की भी प्रक्रिया निर्धारित की गई है। भारत सरकार की गाईड लाईन के अनुसार सभी व्यवस्थाएँ की गई हैं। बीमारी से निपटने के लिए रिहर्सल भी की जा रही है। लोगों में जागरूकता लाने के लिए प्रचार-प्रसार माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है और लोगों को बीमारी के लक्षण की जानकारी भी दी जा रही है। बैठक में मुख्य सचिव श्री एस.आर. मोहंती, अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री मनोज श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव महिला-बाल विकास श्री अनुपम राजन, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा श्री नीरज मंडलोई, प्रमुख सचिव पर्यटन श्री फैज अहमद किदवई, सचिव जनसंपर्क श्री पी.नरहरि एवं संचालक जनसंपर्क श्री ओ.पी. श्रीवास्तव उपस्थित थे।

पर्यटकों के लिये अद्वितीय

कहानियाँ फिर से पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करेंगी।शीश महल में 6 मार्च को आयोजित उदघाटन समारोह में ओरछा के इतिहास तथा महोत्सव के बारे में जानकारी प्रसिद्ध अभिनेता मनोज बाजपेयी की आवाज में दी जायेगी। समारोह में समकालीन नृत्य की प्रस्तुति %सद्य% संस्था द्वारा दी जायेगी। इनकी नृत्य प्रस्तुतियों में परम्परागत तथा आधुनिक नृत्य कला का मिश्रण होगा। इसके बाद प्रसिद्ध संगीतकार क्लिंटन सेजेरो की सांगीतिक प्रस्तुति होगी। संगीतकार क्लिंटन के साथ हिन्दी फिल्म की प्रसिद्ध गायिका सुश्री शिल्पा राव और बुंदेलखंड और मध्यप्रदेश के स्थानीय कलाकार भी प्रस्तुति देंगे। इसी के साथ भोपाल की संतूर वादिका सुश्री श्रुति अधिकारी की भी प्रस्तुति होगी।

23 को सुनवाई, दोषियों

फांसी की सजा सभी दोषियों को एक साथ ही दी जा सकती है। केंद्र सरकार इसमें बदलाव चाहती है और इसके लिए कोर्ट पहुंची थी। आपको बता दें कि गुरुवार को दिल्ली की एक अदालत ने निर्भया सामूहिक बलात्कार एवं हत्या मामले में चारों दोषियों को मृत्यु होने तक फांसी पर लटकाने के लिए 20 मार्च सुबह साढ़े पांच बजे का समय निर्धारित किया। दिल्ली सरकार ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धर्मेन्द्र राणा को बताया कि दोषियों ने अपने सभी कानूनी विकल्पों का इस्तेमाल कर लिया है, जिसके बाद अदालत ने फांसी के लिए 20 मार्च की नयी तारीख निर्धारित की।

बैंक ऑफ बड़ौदा के भोपाल प्रमुख ने दुर्ग-भिलाई दौरा कर किया निरीक्षण

दुर्ग। बैंक ऑफ बड़ौदा, भोपाल अंचल के अंचल प्रमुख दुर्ग प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होने दुर्ग क्षेत्र के शाखा का निरीक्षण किया तथा क्षेत्रीय कार्यालय के स्टाफ से मुलाक़ात की । श्री शर्मा ने सभी विभाग के कार्यों की समीक्षा की तथा बैंक द्वारा लॉन्च किए गए उत्कृष्ट उत्पादों के व्यापक प्रचार के साथ बैंक के व्यवसाय वृद्धि में बेहतर योगदान हेतु मार्गदर्शन दिया। उनके साथ क्षेत्रीय प्रबन्धक डॉ. रमेश कुमार मोहंती, उप क्षेत्रीय प्रबन्धक श्री अरविंद काटकर एवं प्रदीप कुमार यादव भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में स्टाफ के उत्साहवर्धन हेतु उत्कृष्ट प्रदर्शन

करने वाले स्टाफ को सम्मानित किया गया। अंचल प्रमुख ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य कुल 27 जिलों में विभाजित है जहां बैंक की कुल 238 शाखाएँ संचालित हैं । दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत 15 जिलों में कुल 123 शाखाएँ हैं जिनका कुल व्यापार करीब 8166 करोड़ से अधिक है। इसके अलावा 06 अग्रणी जिला कार्यालय और 04 ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान , दुर्ग क्षेत्र के अधीन कार्यरत हैं। अंत में क्षेत्रीय प्रबंधक ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

आज का भविष्यफल

मेष: काफी संघर्ष के बाद आज आपको परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी। अब धीरे-धीरे आपका भाग्य साथ देगा। बढ़ते हुए आर्थिक कष्ट से मुक्ति मिलेगी।

वृषभ: आज आपके परिवार में किसी शुभ मांगलिक कार्य के आयोजन की चर्चा रहेगी। अपने जीवन स्तर को सुधारने के लिए फिलहाल आपको स्थाई प्रयोग में आने वाली वस्तुओं की खरीदारी करनी चाहिए।

मिथुन: आज आपका समय तेजी से आगे बढ़ने का है। आपकी अप्रत्याशित उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे। अतः व्यर्थ की मान बढ़ाई की अपेक्षा अपने कार्य में ध्यान केन्द्रित करें।

कर्क: आज का दिन किसी बहन भाई की चिन्ता में व्यतीत होगा, क्योंकि आप हमेशा ही अपने परिवार की सलामती के लिए कटिबद्ध रहते हैं। आज भी वह चिन्ता आपको परेशान कर सकती है। यदि सबकी सहमति हो जाए तो कहीं स्थान परिवर्तन का विचार बनाएं।



सिंह: आज आपको कारोबार की चिन्ता विशेष रूप से परेशान करेगी क्योंकि पिछले काफी दिनों से व्यवसाय नियमित नहीं है। अस्थिरता आपका पीछा नहीं छोड़ रही है।

कन्या: आपकी राशि का स्वामी बुध कुंभ में आ चुका है, बुध के साथ सूर्य भी है। अतः विशेष प्रकार की भागदौड़ आपको करनी पड़ेगी। उसके नतीजे भी लाभदायक होंगे।

तुला: आज आप अकारण ही चिंतित और परेशान रहेंगे। शुक्र के कारण कुछ परेशानियां तो वास्तविक हैं ही कुछ आप अपने अदूरदर्शी स्वभाव के कारण स्वयं भी खड़ी कर लेते हैं।

वृश्चिक: आज अकस्मात मंगलमय समाचार मिलेगा। कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में आए तनाव अपने ऊपर हावी न होने दें। बनते-बिगड़ते परिवेश में नवीन योजना सफल होगी। पुराने झगड़े झंझटों से छुटकारा मिलेगा।

धनु: आज आपको किसी नए संपर्क से लाभ मिलेगा। अतीत के संदर्भ में अनुसंधान का फायदा भी मिल सकता है। रुका हुआ धन कठिनाई से मिलेगा, रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें।

मकर: आज सामाजिक, धार्मिक कामों में भाग लेते रहने के कारण आपका सम्मान बढ़ेगा। ग्रह चाल भाग्य विकास में सहायक है।

कुंभ: उच्चाधिकारियों की घनिष्ठता से लाभ उठाने का सुअवसर आज दिन भर बना रहेगा। आयात-निर्यात के व्यवसाय आरंभ का निर्णय भी आज हो सकता है।

मीन: आपकी राशि का स्वामी-देवगुरू बृहस्पति ज्ञान विज्ञान का भण्डार है। अतः उन्नति के क्षेत्र में कई मार्ग खोलेगा। अध्ययन व अध्यात्म में रुचि बढ़ना स्वाभाविक है। विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे। गुप्त शत्रु व ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें।

सु- दोकू क्र.054

	2		6		8		3	
9		8		3		4		
							5	
5		2			7		6	
	8		4			1		3
				9				
8			9				1	
	5			1		6		2
		1	7				4	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र. 53 का हल

2	6	3	8	1	4	9	7	5
9	5	4	2	6	7	3	1	8
8	7	1	9	3	5		6	2
6	2	7	5	4	8	4	3	9
3	9	8	6	7	1	2	5	4
4	1	5	3	2	9	6	8	7
5	3	2	4	8	6	7	9	1
1	8	6	7	9	2	5	4	3
7	4	9	1	5	3	8	2	6

शब्द सामर्थ्य -054

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जा, जमघटा 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अवसर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रम 17. वर्षा, विरुद्ध 18. गला, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हकिटोन के समय उच्चारित एक शब्द, भ्रम 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, भय, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. मी का पांचवां हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 53 का हल

वि	ज	य		ब	नि	या		दे
वा		ती	त	र		ग	जी	व
ह	मा	म		स	प	ना		ता
	न				टा			
दा	व	त		वि	ना	श		अ
य		ह	त्या			ह	जां	ना
रा	ह	त		न	ज	र		ख
	वा				मी		ना	श्य
दु	ला	रा		जा	न	की		क

गर्लफ्रेंड लिन से शादी करने जा रहे हैं रणदीप हुड्डा

रणदीप हुड्डा मॉडल लिन के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर काफी समय से चर्चा में हैं और अब कहा जा रहा है कि वे अपने इस रिश्ते को एक अलग लेवल पर ले जाने की प्लानिंग कर रहे हैं।

सुष्मिता सेन से अलग होने के बाद रणदीप हुड्डा ने अपना प्यार ढूंढ लिया और पिछले काफी समय से वह मॉडल लिन लैशराम के साथ जुड़े हैं। हालांकि, अभी तक दोनों ने अपने रिलेशनशिप, पब्लिक अपीयरेंस और अपने प्यार-मोहब्बत के बारे में खुलकर कुछ भी नहीं कहा है। रिपोर्ट्स की मानें तो 'राधेः द मोस्ट वॉन्टेड भाई' ऐक्टर अपने इस रिलेशनशिप को अगले लेवल तक ले जाने का तैयारी में हैं। कहा जा रहा है कि रणदीप लिन को अपने माता-पिता से मिलवाने के लिए हरियाणा ले जाने वाले हैं ताकि उनकी शादी की बात आगे बढ़ सके। अपने पैरेंट्स से मिलवाने से पहले रणदीप लिन को अपनी बहन अंजलि हुड्डा से भी मिलवा चुके हैं। बता दें कि दोनों साल 2016 से एक-दूसरे के साथ हैं और वक्त के साथ उनका यह रिश्ता काफी मजबूत हुआ है। लिन के बारे में यदि आपने अब तक नहीं सुना है तो बता दें कि वह मणिपुर की मॉडल हैं और नैशनल लेवल की तीरंदाज खिलाड़ी रह चुकी हैं। इसके अलावा वह प्रियंका चोपड़ा स्टारर 'मैरी कोम', सैफ अली खान और शाहिद व कंगना की फिल्म 'रंगून' में भी नजर आ चुकी हैं। फिलहाल लिन नसीरुद्दीन शाह की थिअटर कंपनी से जुड़ी हुई हैं। बता दें कि इससे पहले रणदीप सुष्मिता सेन के साथ 3 साल तक रिलेशनशिप में रह चुके हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो सुष्मिता और रणदीप ने साल 2004-2006 तक एक-दूसरे को डेट किया और फिर अचानक ही दोनों ने एक-दूसरे से अलग रहने का फैसला ले लिया।

श्रीदेवी और अमरीश पुरी के साथ काम करने को मिस करते हैं अनिल कपूर

मुंबई । बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर दिवंगत कलाकारों श्रीदेवी और अमरीश पुरी के साथ काम करने को मिस करते हैं। अनिल ने कहा है कि वह अमरीश पुरी, श्रीदेवी, आनंद बख्शी और लक्ष्मीकांत बेर्डे जैसे लोगों के साथ किये गये काम को याद करते है और इन लोगों के साथ काम करने को मिस करते हैं।

अनिल कपूर ने कहा है, मैं अपने करियर के शुरुआती दौर को रूककर वापिस देखता हूं तो मैं उन दिनों को फिर से जीने की कोशिश नहीं करता लेकिन मैं ऐसे लोगों के साथ काम करने को मिस करता हूं जो अब इस दुनिया में नहीं हैं। मुझे अमरीश पुरी, बापू साब , श्रीदेवी, आनंद बख्शी और लक्ष्मीकांत बेर्डे की याद आती है। मुझे याद आता है कि किस तरह से हम एक साथ काम करते थे। ऐसे बहुत से निर्देशक हैं जिनके साथ मुझे फिर से काम करने का मौका नहीं मिला लेकिन हर कोई आगे बढ़ता है और जीवन आगे बढ़ता जाता है। अनिल कपूर से जब पूछा गया कि उनकी आज तक की सबसे बड़ी चुनौती क्या रही है, उन्होंने कहा, चुनौती यह है कि आप खुद को किसी भी कैरेक्टर में कैसे ढालते है, जिसे आप अपने निर्देशक और को-एक्टर्स के साथ करते हैं। मैं हमेशा एक निर्देशक का अभिनेता रहा हूं और इसलिए मैं हमेशा उन्हें खुश करना चाहता रहा हूं। मुझे इस बात का डर हमेशा रहेगा कि मैं लेखकों और निर्देशकों की डिमांड के अनुसार कर पा रहा हूं या नहीं।

पृथ्वीराज को लेकर उत्साहित हैं मानुषी छिल्लर

मुंबई । मिस वर्ल्ड 2017 मानुषी छिल्लर अपनी आने वाली फिल्म 'पृथ्वीराज' को लेकर उत्साहित हैं। मानुषी फिल्म पृथ्वीराज से बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं, जिसमें वह अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगी। वह इस फिल्म में संयोगिता का किरदार निभा रही हैं। इस फिल्म को लेकर वह काफी उत्साहित हैं। फिल्म की कहानी को लेकर मानुषी का कहना है कि उन्हें बचपन से ही पृथ्वीराज चौहान और संयोगिता की स्टोरी में रुचि रही है। मानुषी ने कहा कि उनके लिए यह एक संयोग की बात है कि उनकी पहली फिल्म ऐसी ऐतिहासिक कहानी पर आधारित है, जिसमें उनकी बचपन से ही रुचि थीं। मानुषी ने कहा, भारतीय इतिहास की सबसे आकर्षक और खूबसूरत राजपूत राजकुमारी की भूमिका निभाते हुए मैं खुद को भाग्यशाली महसूस कर रही हूं। जब मुझे इस फिल्म की स्क्रिप्ट विस्तार से सुनाई गई तो इस बात को सोचकर ही मेरे चेहरे पर एक मुस्कान आ गई कि मैं एक ऐसी कहानी सुन रही हूं, जिसे मैने स्कूलिंग के दिनों में सबसे ज्यादा पढ़ने में दिलचस्पी ली थी।

डबल रोल में नजर आएंगे सिद्धार्थ मल्होत्रा

मुंबई । बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा अपनी आने वाली फिल्म में डबल रोल में नजर आयेंगे। सिद्धार्थ जल्द ही एक एक्शन थ्रिलर फिल्म में डबल रोल में नजर आएंगे। उनकी इस फिल्म का नाम सामने नहीं आया है लेकिन इसी साल यह फिल्म 20 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो जाएगी। इसकी जानकारी सिद्धार्थ ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर दी है। सिद्धार्थ एक तमिल फिल्म की रीमेक में नजर आएंगे जिसकी शूटिंग दिल्ली में करने की तैयारी चल रही है। भूषण कुमार, मुराद खेतानी और वर्धन केटकर के प्रोडक्शन में बनने वाली इस फिल्म में सिद्धार्थ एक कारोबारी और दूसरा रोल विलेन का निभाते नजर आएंगे।

सेमीफाइनल बारिश की वजह से रद्द, भारत पहली बार फाइनल में

आईसीसी टी20 महिला वर्ल्ड कप : 8 मार्च को मेलबर्न में खेला जाएगा फाइनल मुकाबला, इस टूर्नमेंट की एकमात्र टीम, जिसने ग्रुप स्तर पर कोई मैच नहीं गंवाया

सिडनी। भारत और इंग्लैंड के बीच आईसीसी टी20 महिला वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल मैच आज बारिश की वजह से रद्द हो गया। इसके साथ ही भारतीय टीम टूर्नमेंट के फाइनल में पहुंच गई है। दरअसल, वह ग्रुप-ए में टॉप पर थी, जिसके उसे फायदा मिला और वह पहली बार फाइनल में पहुंचने में कामयाब रही। उसका मुकाबला दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से 8 मार्च को मेलबर्न में होगा।

उल्लेखनीय है कि सिडनी में लगातार बारिश हो रही थी। इस वजह से मैच का टॉस नहीं हो सका। आईसीसी के नियमानुसार, मैच के टॉस का कट ऑफ टाइम 11:06 डुब्ब रखा गया था, लेकिन उससे पहले ही मैच मैच को रद्द घोषित कर दिया गया।

गौरतलब है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के सीईओ केविन रॉबर्ट्स ने बताया कि इस क्रिकेट असोसिएशन ने आईसीसी से गुहार लगाई थी कि सेमीफाइनल के लिए रिजर्व डे रखा जाए लेकिन आईसीसी ने टूर्नमेंट की प्लेइंग कंडीशंस में किसी तरह के बदलाव से इनकार कर दिया। ऐसे में कोई रिजर्व डे नहीं रखा गया है।

आईसीसी का नियम

नियमों के मुताबिक, अगर सेमीफाइनल मैच बारिश की वजह से रद्द होता है या फिर मुकाबले की दोनों टीम कम से कम 10-10 ओवर नहीं खेल पाती हैं तो अपने-अपने ग्रुप की टॉप टीम को फाइनल का टिकट मिल जाएगा। इसी अनुसार भारत ने फाइनल के लिए क्वॉलिफाइ किया। दरअसल, टीम इंडिया 8 अंकों के साथ ग्रुप ए में टॉप पर था, जबकि साउथ अफ्रीका 7 अंकों के साथ ग्रुप बी में पहले स्थान पर है।

भारतीय टीम का अब तक का सफर

भारतीय टीम का सेमीफाइनल तक का सफर शानदार रहा और उसने ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और श्रीलंका को मात दी। वह इस टूर्नमेंट की एकमात्र टीम है जिसने ग्रुप स्तर पर अपना कोई मैच नहीं गंवाया।

महिला टीम की नई सुपर स्टार हैं शेफाली वर्मा, कभी लड़का बनकर ट्रेनिंग के लिए हुई थीं मजबूर

हरियाणा की शेफाली वर्मा आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय बल्लेबाजी की नई स्टार बनकर उभरी हैं। उन्होंने दुनियाभर की टॉप गेंदबाजों के सामने बड़े-बड़े शॉट्स खेलकर सभी को हैरान कर दिया है। टीम को फाइनल में पहुंचने में उनकी भूमिका अहम रही है। उन्होंने 4 मैच में 161 रन बनाए हैं और वह भारत की सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं।

महिला टीम की नई सुपर स्टार हैं शेफाली वर्मा, कभी लड़का बनकर ट्रेनिंग के लिए हुई थीं मजबूरभारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी महिला ञ्ज20 वर्ल्ड कप-2020 के फाइनल में पहुंच चुकी है।

हरमनप्रीत की टीम में वर्ल्ड कप जीतने का माद्दा : झूलन गोस्वामी

कोलकाता। भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान झूलन गोस्वामी ने कहा है कि हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम में पहला ञ्ज20 वर्ल्ड कप जीतने का दमखम है। भारत ने पहली बार ञ्ज20 वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बनाई है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (स्ष्टत्र) पर गुरुवार को होने वाले पहले सेमीफाइनल मैच के बारिश के कारण रद्द होने कारण भारत को फाइनल में प्रवेश किया। झूलन ने कहा, 'यह अच्छी खबर है, उन्होंने अभी तक वर्ल्ड कप तक अपना वर्चस्व दिखाया है और ग्रुप में शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया था।सेमीफाइनल रद्द हो गया लेकिन यह खेल का हिस्सा है।'

बारिश ने तोड़ा फाइनल का सपना

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच गुरुवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाने वाले पहला सेमीफाइनल मैच बारिश के कारण रद्द हो गया और इसी के चलते भारत पहली बार महिला टी-20 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश करने में सफल रही। इससे हालांकि इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट निराश हैं। नाइट ने कहा कि उनकी टीम विश्व कप का अंत इस तरह से नहीं चाहती थी।

हार के बाद क्या बोलीं इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट

इस विश्व कप में सेमीफाइनल के दिन रिजर्व डे का प्रावधान नहीं है और इसी कारण मैच रद्द होने के साथ ही भारत को फाइनल में प्रवेश मिला, क्योंकि वह अपने ग्रुप-ए में शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में आई थी। नाइट ने मैच के बाद कहा कि यह हकीकत में बेहद निराशाजनक है। हम इस तरह से विश्व कप का अंत नहीं चाहते थे।

ओलिंपिक से पहले कोरोना पर नजर रखनी होगी : अभिनव बिंद्रा

गुरुग्राम। पूर्व भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने तोक्यो ओलिंपिक के मद्देनजर खतरनाक कोरोना वायरस के संक्रमण पर चिंता जताई है। बिंद्रा ने बुधवार को यहां कहा कि दुनिया भर में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों से उत्पन्न हो रही स्थिति पर सावधानीपूर्वक लगातार निगरानी रखी जानी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (IOC) ने मंगलवार को कहा था कि कोरोना वायरस के खतरे के बाद भी तोक्यो ओलिंपिक की तैयारी 'पूरी तेजी' से चल रही है।

चीन के वुहान में कोरोना वायरस का पहला मामला मिला था, जिसके बाद इसके संक्रमण से 3000 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई, जबकि 94,000 लोग इसकी चपेट में हैं। बिद्रा ने यहां एक कार्यक्रम से इतर कहा, 'यह ऐसी स्थिति है, जिस पर निगरानी रखनी होगी। इस पर आज कोई फैसला नहीं किया जा सकता। यह पूरी प्रणाली की सावधानी से निगरानी करने जैसा है।'

इंडिया ओपन: साइना नेहवाल, पीवी सिंधु को मुश्किल ड्रॉ, खिताबी राह नहीं आसान

द्द पूर्व चैंपियन पी वी सिंधु और साइना नेहवाल को इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नमेंट में मुश्किल ड्रॉ मिला है लेकिन भारत में कोरोना वायरस के 29 मामले पाए जाने के कारण इस टूर्नमेंट पर भी खतरा मंडरा रहा है।

नई दिल्ली। पूर्व चैंपियन पी वी सिंधु और साइना नेहवाल को इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नमेंट में मुश्किल ड्रॉ मिला है लेकिन भारत में कोरोना वायरस के 29 मामले पाए जाने के कारण इस टूर्नमेंट पर भी खतरा मंडरा रहा है। सिंधु 24 मार्च से शुरू होने वाले इस विश्व टूर सुपर 500 टूर्नमेंट में अपने अभियान की शुरुआत हांगकांग की चेयुंग नगान यी के खिलाफ करेगी और क्वॉर्टर फइनल में उनका मुकाबला कनाडा की सातवीं वरीय मिशेली ली से हो सकता है।

साइना पहले दौर में चीनी ताइपै की पाइ यु पो से भिड़ेगी और दूसरे दौर में उन्हें आठवीं वरीयता प्राप्त कोरियाई सुंग जी ह्यून का सामना करना पड़ सकता है। लंदन ओलिंपिक की कांस्य पदक विजेता के पास लगातार चौथे ओलिंपिक खेलों में जगह बनाने के लिए बहुत कम समय बचा है। पुरुष एकल में पांचवीं वरीयता प्राप्त किदाम्बी श्रीकांत पहले दौर में क्वॉलिफायर से भिड़ेंगे और फिर उनका सामना हमवतन लक्ष्य सेन से हो सकता है। सेन भी क्वॉलिफायर के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेंगे।

साइना की तरह श्रीकांत भी तोक्यो ओलिंपिक में जगह बनाने के लिए 28 अप्रैल की समयसीमा तक शीर्ष 16 में जगह बनाने की कोशिश में लगे हैं। ओलिंपिक में अपनी जगह लगभग पक्की कर चुके तीसरी वरीयता प्राप्त बी साई प्रणीत पहले दौर में हमवतन एच एस प्रणय का सामना करेंगे। समीर वर्मा का सामना थाइलैंड के सिटीकोम थम्मासिन से, सौरभ वर्मा का चीनी ताइपै के सातवीं वरीयता प्राप्त वांग जु वेई से और पारुपल्ली कश्यप का थाइलैंड के खोसित फेटप्रादाब से मुकाबला होगा

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की सातवीं वरीयता प्राप्त पुरुष युगल जोड़ी का सामना जापान के ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी से होगा। लेकिन टूर्नमेंट पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं क्योंकि भारत में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या 29 हो गयी है जिनमें दो मामले दिल्ली से हैं। इसके कारण सरकार ने इटली, ईरान, दक्षिण कोरिया, जापान के नागरिकों को तीन मार्च या उससे पहले दिए गए वीजा या ई वीजा निलंबित कर दिए हैं। सरकार ने कोरिया गणराज्य, ईरान और इटली से भारत आने वाले लोगों के लिए 14 दिन तक अलगाव में रहना भी अनिवार्य कर दिया है।

सरकार से जारी परामर्श के अनुसार चीन, दक्षिण कोरिया, जापान, ईरान, इटली, हॉन्गकॉन्ग, मकाऊ, वियतनाम, मलेशिया, इंडोनेशिया, नेपाल, थाइलैंड, सिंगापुर और ताइवान से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से आने वाले यात्रियों को प्रवेश के समय चिकित्सकीय जांच से गुजरना होगा। इंडिया ओपन के ड्रॉ में इन देशों के भी खिलाड़ी शामिल है।

बरमनियां स्कूल में चल रहा स्वसहायता समूह का मीनू

मध्यान्ह भोजन में मनमानी, अफसर चुप्पी साधे बैठे

नवप्रदेश संवाददाता

शहडोल। शासन द्वारा बच्चो की सुविधा के लिए शैक्षणिक स्तर से लेकर भोजन व्यवस्था तक में सुधार लाने के प्रयास किए जाते हैं लेकिन सुधारों की गतिविधियां मैदानी स्तर पर दिखलाई नहीं पड़ती हैं। गत वर्ष शासन ने भोजन की क्वालिटी बढ़ाने के लिए कुकिंग कास्ट बढ़ा दी थी इसके बावजूद मध्यान्ह भोजन स्वसहायता समूहों की मनमानी का शिकार है। बरमनियां की शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भी इसी का एक उदाहरण है। जहां स्वसहायता समूह मनमानी कर रहा है।

इस तरह चल रहा मीनू

बरमनियां स्कूल में मीनू का कम ही पालन किया जाता है। स्वसहायता समूह अपनी इच्छानुसार जो राशन दे जाता है उसे ही रसोइये के द्वारा पका कर बच्चों को परोस दिया जाता है। शाला प्रबंधन की ओर से न तो इसमें आपत्ति की जाती है और न मीनू के पालन के निर्देश दिए जाते हैं। बुधवार को मीडिया की टीम ने स्कूल का अवलोकन किया। जिसमें बच्चों की थाली में मात्र चावल, कढ़ी परोसी गई थी। जबकि बुधवार को शासन की मीनू के अनुसार चावल, चने की दाल, मिक्स सब्जी दिया जाना था।

ईंधन की भी पर्याप्त उपलब्धता नहीं

इस स्कूल की रसोई में अभी गैस चूल्हे की व्यवस्था नहीं है इसलिए लकड़ी से भोजन पकाया जाता है। ईंधन उपलब्ध कराना भी स्वसहायता समूह द्वारा कभी लकड़ी उपलब्ध कराई जाती है कभी नहीं कराई जाती है। इसलिए यहां भोजन पकाने में भी परेशानी होती है। बताया गया कि स्कूल में कुछ लकड़ी रखी जाती है उसी से काम चलाया जाता है। परेशानी तब और भी बढ़ जाती है जब राशन समय से उपलब्ध नहीं हो पाता है।

सफाई में ध्यान नहीं

मध्यान्ह भोजन के बाद सभी बच्चे अपनी थाली स्वयं धोते हैं। वे हैण्डपंप पर भीड़ लगाकर जल्दी जल्दी अपनी थाली धोते हैं जो कि ठीक से साफ नहीं हो पाती है। दूसरे दिन उन्ही थालियों में पुनः भोजन परोस दिया जाता है। इसके अलावा हैण्डपंप के प्लेटफार्म में जूठन पड़ी रहती है। उसे भी साफ नहीं किया जाता है। यहां गंदगी होती है जबकि उसी हैण्डपंप से बच्चे पानी भी पीते हैं। स्कूल में सफाई का ध्यान नहीं रखा जाता है।

पेंशन वितरण कार्यक्रम को और भी अधिक प्रभावी बनाएं : कमिश्नर

नवप्रदेश संवाददाता

शहडोल। कमिश्नर शहडोल आरबी प्रजापति ने आज जनपद पंचायत जयसिंहनगर में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कमिश्नर अधिकारियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना सहित अन्य योजना को और अधिक प्रभावी और पारदशीर्ष बनाने के निर्देश दिए है। कमिश्नर ने अधिकरियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पात्र हितग्राहियों को समय पर पेंशन का भुगतान सुनिश्चित कराना अधिकारियों की प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में कमिश्नर ने वनाधिकार पत्रों की समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत स्तर पर गठित वनाधिकार समितियां अपने दायित्व का निर्वहन प्रभावी तौर पर करें तथा प्रकरणों पर आवश्यक कार्यवाही कर जनपद एवं जिला स्तर पर समितियों को समय पर प्रेषित करें। ग्रामीणों को शौचालयों के उपयोग के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करें। खण्ड चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि लोगों में कोरोना वायरस के संबंध में जागरूकता लाएं तथा कोरोना वायरस के बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाएं। पेयजल व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों मे नागरिकों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराएं। खाद्यान्न वितरण कार्यक्रम के तहत हितग्राहियों के सत्यापन के कार्य की भी समीक्षा की।

आयुष स्वास्थ्य शिविर में 728 रोगियों का हुआ उपचार

शहडोल। जिला आयुष अधिकारी डॉ. शशिप्रभा पाण्डेय ने बताया कि राष्ट्रीय आयुष मिशन के योजनान्तर्गत आयुष विभाग द्वारा आज विकासखण्ड जयसिंहनगर के बंधा बाजार स्कूल प्रांगण जिला शहडोल में मेगा आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अलग-अलग रोगों से सम्बधित विभागवार चिकित्सकों की बैठक बनाई गई थी, जिसमें जरा रोग, स्त्री रोग,त्वचा रोग में होम्योपैथी एवं गुदा व उदर रोग, बाल रोग, मनोरोग, वात व्याधि आदि में आयुर्वेद से उपचार किया गया। शिविरों में प्रथक प्रथक रोग बार सूची बनाई गई जिसमें रोगियों से मोबाइल नंबर भी लिए गए हैं तथा औषधि सेवन का समय पूरा होने पर रोगी संबंधित चिकित्सक किया संस्था तक नहीं पहुंचता है तो उससे संपर्क स्थापित कर उसकी स्थिति के अनुसार उपचार निरंतर जारी रखा जा सके ।

फूल माली समाज द्वारा किया जाएगा धुलेंडी पर रंगारंग गैर का आयोजन

सारंगपुर । सकल पंच फूल माली समाज की बैठक बुधवार रात्रि को श्री राम मंदिर भैरूदरवाजा में समाज अध्यक्ष ओम पुष्पद की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी होली महापर्व धूमधाम से मनाया जाने का निर्णय लेते हुए धुलेंडी पर रंगारंग गैर निकाले जाने का निर्णय लिया जिसके तहत धुलेंडी पर सभी मोहल्लों से गैर निकलकर मोहल्ला खारिया पहुंचेगी वहां से एक सामूहिक गैर ढोल धमाकों रंग गुलाल के साथ प्रारंभ होगी जो कोलीवाडा, गांधीचोक, सदर बाजार, महाकाल चौराहा, मुखर्जी चौक, टेंशन चौराहा, भेरूदरवाजा रोड तथा भैरूदरवाजा श्री राम मंदिर के बाद होली स्थल पर चाचड बिनोरी खेलने के बाद प्रसाद वितरण कर गैर का समापन किया जाएगा। बैठक में बागकुआ पंचायत अध्यक्ष कैलाश वर्मा, खारिया पंचायत अध्यक्ष अशोक पुष्पद, कीड़ी पंचायत अध्यक्ष प्रेमनारायण पुष्पद, भेरूदरवाजा पंचायत अध्यक्ष हीरालाल पुष्पद, मुकेरवाड़ी पंचायत अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद, समाज सचिव वैभव पुष्पद, पूर्व अध्यक्ष रामचरण पुष्पद, विनोद पुष्पद, मांगीलाल पुष्पद, राकेश पुष्पद, महेश पुष्पद, भैरूलाल बिंजवा, विशाल पुष्पद, घीसुलाल पुष्पद, मांगीलाल टेलर, लोकेश पुष्पद, ओम पुष्पद किडी सहित समाज जन उपस्थित थे।

बाल विवाह का मतलब साफ 'जल्दी में शादी, फुर्सत में पश्चाताप'

सारंगपुर। माँ शारदा साहित्य मंच एवं पेंशनर्स साहित्य चेतना मंच द्वारा इस बार काव्य गोष्ठी का कार्यक्रम, फाग उत्सव एवं होली पर्व से ओतप्रोत रहा। मंच का यह कार्यक्रम स्थानीय वरिष्ठ नागरिक सेवा केंद्र पर आयोजित किया गया। सर्वप्रथम माँ भगवती वीणापाणी की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात सरस्वती वंदना एवं राष्ट्रीय प्रेरणा गीत सामूहिक रूप से गाया गया। इस काव्य गोष्ठी में मुख्य अतिथि केएन गोस्वामी एवं अध्यक्षता जय हिंद प्रकाश दुबे ने की। गोष्ठी के शुभारंभ में आशुलिपि के हस्ताक्षर राकेश पांडे ने रचनाएं पढ़ी। युवा हस्ताक्षर गीत गजलकार स्वदीप सोलंकी ने रचना पढ़ते हुए कहा- प्रीत की रीत, रंग का संग, पावस महीना होली का, कड़वी भाषा द्वेष दाग ओर बेर मिटाओ बोली का। खूब सराही गई। लायंस क्लब पूर्व अध्यक्ष बीके शर्मा ने अपनी रचना पढ़ते हुए नातरा प्रथा एवं झगड़ा प्रथा पर कुछ यूं कहा, बाल विवाह का मतलब साफ, जल्दी में शादी, फुर्सत में पश्चाताप। इस पर खूब दाद लूटी। वरिष्ठ कवि मुरलीधर स्वर्णकार पथिक ने बसंत पर रचनाएं पढ़ी तो वहीं वरिष्ठ कवि पं.

न्यू पेंशन स्कीम के विरोध में रैली निकाल किया प्रदर्शन

नवप्रदेश , शहडोल। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ के तत्वाधान में न्यू पेंशन स्कीम के विरोध में एवं ओल्ड पेंशन स्कीम के समर्थन में महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ऑफिस के समक्ष विशाल धरने का आयोजन किया गया। साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी कर्मचारियों द्वारा हस्ताक्षरित रेल मंत्री के नाम के पत्र को महाप्रबंधक द्वारा रेल मंत्री को भेजा गया। कार्यक्रम की शुरुआत विशाल रैली द्वारा हुई। सभी कर्मचारियों के मध्य दोनों सत्ताधारी यूनियनों के प्रति बहुत रोष दिखा। कई कर्मचारियों ने बताया कि दोनों सभी कर्मचारियों ने बहुत ही जोश एवं हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। महाप्रबंधक की अनुपस्थिति के कारण ज्ञापन उप महाप्रबंधक को सौंपा गया और उन्होंने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ के इस संघर्ष की बहुत तारीफ की। स्वयं को न्यू पेंशन स्कीम का शिकार बताया एवं उम्मीद जताई कि मजदूर संघ के प्रयासों से पुरानी पेंशन स्कीम सभी कर्मचारियों के साथ.साथ रेलवे में कार्यरत अधिकारियों को भी मिल सकती है।

अंधे कत्ल के मामले से उठा पर्दा

नवप्रदेश संवाददाता

शहडोल। खैरहा थाना अंतर्गत मझियार गांव में रहने वाले एक युवक ने 27 फरवरी को मोबाइल से पुलिस को सूचना दी थी कि अब्दुल रज्जाक निवासी बुड़ार के खलिहान में एक जली हुई लाश पड़ी है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उदयभान मिश्रा अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंच गए, जहां से उन्होंने घटना के संबंध में आला अधिकारियों को भी अवगत कराया। जिसके बाद घटना स्थल पर एफएसएल की टीम और एसडीओपी धनपुरी भरत दुबे ने मौके पर जाकर शव का मुआयना किया। पुलिस ने घटना स्थल से शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम करते हुए, मामले की विवेचना शुरू कर दिया था।

अकेली रहती थी महिला

हत्या के मामले से पर्दा उठाते हुए पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र शुक्ला ने बताया कि शव मिलने के बाद जिले के थानों में गुमशुदगी का पता लगवाया गया, दो दिन बाद बुड़ार थाने से यह पता चला कि कस्बे के टिकुरी टोला में रहने वाली सिरवंती कोल पति श्यामलाल कोल उम्र 35 वर्ष की लापता होने की शिकायत दर्ज थी। पुलिस ने इसी आधार पर महिला के संबंध में जानकारी जुटाना शुरू कर दिया। जानकारी में सबसे पहले यह बात सामने आई की मृतिका का मझियार गांव में रहने वाले अहिचरण कोल नामक व्यक्ति से अवैध संबंध है। पुलिस ने अहिचरण को पकड़कर गहनता से पूछताछ की तो पूरा मामला खुलकर सामने आ गया।

ऐसे रची हत्या की साजिश

अंधी हत्या के खुलासे में पुलिस कप्तान सत्येंद्र शुक्ला ने निर्देश में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिमा एस मैथ्यू, एसडीओपी धनपुरी व थाना प्रभारी ने जांच में पाया की हत्यारे अहिचरण का मृतिका के साथ अवैध संबंध था, जिसको लेकर मृतिका आरोपी पर शादी करने का दबाव बना रही थी। इस बात को लेकर आरोपी काफी दिनों से परेशान था और वह थककर पूरी बात अपनी पत्नी पुनिया से बता दिया। जिसके बाद दोनों ने प्रेमिका सिरवंती को हमेशा के लिए रास्ते से हटाने की योजना बनाई और महिला को मौत के घाट उतार दिया।

यह है घटनाक्रम

घटना के दिन मृतिका बुधवार बाजार गई हुई थी, आरोपी अहिवरण भी बाजार में मौजूद था। इस बीच मृतिका सिरवंती प्रेमी अहिवरण से अपने घर ले जाने और शादी करने की जिद करने लगी। आरोपी मृतिका की जिद पर उसे अपने गांव मझियार मोटरसाइकिल में बिठाकर ले गया, घर के समीप पहुंचते ही आरोपी प्रेमिका को बाइक से उतार घर चला गया जहां पर उसने अपनी पत्नी पुनिया को बताया कि प्रेमिका भी साथ आई है, इस बात पर पत्नी भड़क गई और उसे घर लाने से मना कर दिया। आरोपी प्रेमिका को लेकर घटना स्थल पहुंच गया, मृतिका खलिहान में बने कमरे के चबूतरे में बैठ थी, तभी पीछे से प्रेमी अहिवरण से मृतिका के सिर पर एक मोटे डंडे से वार कर दिया एक वार में महिला की मौत हो गई, इतने में आरोपी की पत्नी भी घटना स्थल पहुंच गई, जहां दोनों ने मिलकर मृतिका को पास में।रखे पैरा में लिटा दिया और आग लगाकर फरार हो गए।

ऐसे गिरफ्त में आया आरोपी

पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में काल डिटेल खंगाला गया, तो पता लगा कि घटना के दिन मृतिका की बात उसके पति श्यामलाल कोल निवासी खैरहा से हुई थी, पुलिस ने श्यामलाल से पूछताछ में पाया कि आरोपी ने श्यामलाल से फोन पर कहा था की पुलिस मेरे बारे में तो नही पूछ रही है, इस दौरान आरोपी अहिवरण हैदराबाद के लिए निकल चुका था, पति श्यामलाल ने जैसे ही कहा कि पुलिस तुम्हारे बारे नही पूछ रही है तो आरोपी लौटकर अपनी बहन के घर जैतहरी चला गया। खैरहा पुलिस ने लोकेशन के आधार पर जैतहरी पुलिस से संपर्क का आरोपी को उसके बहन के घर से गिरड़्तार किया है। अंधी हत्या के खुलासे में पुलिस कप्तान के निर्देशन में एसडीओपी धनपुरी भरत दुबे, थाना प्रभारी उदयभान मिश्रा, एएसआई बीएस तोमर, प्रधान आरक्षक बालेन्द्र सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, आरक्षक परिमल सिंह, शाऊल मोरिष, दलवीर सिंह, गणेश पांडेय के अलावा सायबर सेल की सराहनीय भूमिका रही।

लापरवाह व उदासीन सहायक यंत्री हुआ निलंबित

निर्माण कार्य अधूरे पड़े, बैठकों की कर रहा था उपेक्षा

नवप्रदेश संवाददाता

शहडोल। कमिश्नर शहडोल आरबी प्रजापति ने शासकीय कार्यों में उदासीनता एवं लापरवाही बरतने के कारण तथा बैगर सूचना के बैठकों से अनुपस्थित रहने के कारण सहायक यंत्री एवं अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग जयसिंहनगर जिला शहडोल को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम-1966 के सहपठित नियम-09 के अन्तर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अनुपपुर नियत किया गया है। निलंबन अवधि में सहायक यंत्री नरेन्द्र कुमार सोनी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। कमिश्नर ने जारी आदेश में कहा है कि दिनांक 5 मार्च 2020 को पूर्वाहन 11 बजे से ब्लॉक मुख्यालय जयसिंह नगर में विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई। नरेंद्र कुमार सोनी सहायक यंत्री एवं अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग जयसिंहनगर जिला शहडोल उक्त बैठक में बिना कोई पूर्व सूचना के अनुपस्थित थे। बल्कि संजीव कुमार तिवारी डाटा एंट्री ऑपरेटर मनरेगा संविदा कार्यालय जनपद पंचायत जयसिंहनगर के द्वारा दिनांक 5 मार्च 2020 को श्री सोनी सहायक यंत्री की ओर से एक आकस्मिक अवकाश का आवेदन पत्र तैयार कर डाटा एंट्री ऑपरेटर मनरेगा संविदा श्री तिवारी के द्वारा सहायक यंत्री के पद मुद्रा एवं स्वयं फाड़ कर हस्ताक्षर करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शहडोल संबोधित किया गया है। जो पूर्णतः नियम के विरुद्ध है। बैठक में उपस्थित अधिकारियों के द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि श्री सोनी सहायक यंत्री के द्वारा जयसिंहनगर में मुख्यालय स्थाई निवास नहीं बनाया गया है। बल्कि यह कटनी में निवास करते हैं और अधिकतर कटनी में ही रहते हैं तथा ड्यूटी से हमेशा नदारत रहते हैं। कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा आकस्मिक अवकाश का आवेदन पत्र तैयार किया गया। उसमें श्री सोनी सहायक यंत्री द्वारा कब कब कितना अवकाश लिया गया कितना शेष है इसका उल्लेख नहीं है। श्री सोनी सहायक यंत्री के बैठक में अनुपस्थित रहने से निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा नहीं की जा सकी। इनके प्रभार क्षेत्र के अंतर्गत निम्न कार्यों को अवलोकन से पाया गया कि योजना मंडल से जनभागीदारी विधायक एवं सांसद मद से वर्ष 2016-17 से वर्ष 2019-20 तक कुल स्वीकृति कार्य 223 में से 115 पूर्व एवं 108 अपूर्ण हैं। इसी प्रकार से मनरेगा योजना में 1 अप्रैल 2019 की स्थिति में अपूर्ण कार्यों की संख्या काफी अधिक है। इससे यह साबित होता है कि श्री सोनी सहायक यंत्री हमेशा अपने ड्यूटी से नदारत रहने के आदी हैं और निर्माण कार्यों का समय-समय पर पर्यवेक्षण एवं समीक्षा नहीं किए जाने से इतनी बड़ी संख्या में निर्माण कार्य अधूरे पड़े हुए हैं।

अज्ञात वाहन व बाइक में भिड़ंत : युवक की मौत

नवप्रदेश , शहडोल। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर सरफा के समीप गुरुवार की दोपहर एक अज्ञात बड़े वाहन तथा बाइक में भिड़ंत हो गई। जिसमें 27 वर्षीय रामानुज पाल निवासी लालपुर नामक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाइक में पीछे बैठा एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों ने जिला चिकित्सालय भिजवाया है । घटना की सूचना हंड्रेड डायल को दी गई थी। लेकिन सुहागपुर पुलिस और हंड्रेड डायल कोई भी मौके पर नहीं पहुंचे हैं । गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया है और दोनों तरफ बड़ी संख्या में वाहन खड़े हो गए हैं। वहीं दूसरी तरफ मृतक के परिजन मौके पर विलाप करते प्रतीत हुए। 27 वर्षीय युवक की मौत के कारण पूरा माहौल गमगीन हो गया है।

नगर पालिका ने कराया 6 हितग्राहियों का गृहप्रवेश

नवप्रदेश संवाददाता

शहडोल। नगर पालिका शहडोल में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत ग्रह प्रवेश का कार्यक्रम किया गया। जिसमें 6 हितग्राहियों के घर का ग्रह प्रवेश हुआ। जिसमें में मुख्य अतिथि श्रीमती उर्मिला कटारे नपा अध्यक्ष शहडोल, उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, सीएमओ अजय श्रीवास्तव सुखेन्द्र सिंह तोमर उपयंत्री, जितेंद्र सिंह जित्तू पार्षद वार्ड क्र 10, प्रभात पांडेय पार्षद वार्ड क्र 8 , श्रीमती अंजना सिंह पार्षद वार्ड क्र 19, श्रीमती प्रीति बत्रा पार्षद वार्ड क्र 20, राजेन्द्र सिंह, जय वर्धन सिंह इंजीनियर, अनिता जायसवाल, नर्मदा यादव, अतुल मिश्र, सन्तोष गुप्ता एवं समस्त वार्ड जन उपास्थि रहे ।

ऊबड़ खाबड़ टीलों से गुजरता है तहसील का रास्ता

जान जोखिम में डालकर पहुंचते हैं कार्यालय

नवप्रदेश संवाददाता

शहडोल। शासन द्वारा विभागों का कार्य संचालित करने के लिए भवन तो बनवा लिया जाता है लेकिन सुविधाओं की उपेक्षा कर दी जाती है। जिससे स्टाफ व जनमानस को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बताया जाता है कि भवन निर्माण के साथ ही सुविधाओं का निर्माण किया जाना शामिल रहता है लेकिन फिर भी इसकी उपेक्षा की जाती है। यही स्थित गोहपारू तहसील कार्यालय की है। जहां पहुंच मार्ग के नाम पर एक पथरीला कच्चा ढर्रा है। जिससे आना जाना जोखिम भरा रहता है। यहां स्टाफ और पक्षकारों को आनेजाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सड़क के नाम पर टीलों के बीच से गुजरते कच्चे ढर्रे में बड़ी बड़ी गिट्टियां बिछा दी गईं थीं। मार्ग को समतल करने तक की जरूरत नहीं समझी गई। टीलों के बीच में ही गिट्टियां डालकर छुट्टी पा ली गई। तहसील कार्यालय का पहुंच मार्ग देखते ही बनता है। बताया गया कि इस मार्ग से आते जाते कई वाहन चालक अब तक गिर कर चोटिल हो चुके हैं। यही नहीं बरसात में पानी का रेला बहकर कार्यालय की ओर घुसता है। इसके लिए कई बार शासन का ध्यान आकृष्ट किया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

तीन माह के आवंटन में उपभोक्ताओं को दे रहे कम राशन

मॉनीटरिंग बिना खाद्यान्न वितरण में गड़बड़झाला

नवप्रदेश संवाददाता

शहडोल। आपूर्ति विभाग की उदासीनता के कारण जिले भर में एक अर्से से सार्वजनिक वितरण प्रणाली का कार्य चरमराया हुआ है। अधिकारी न तो मॉनीटरिंग करते न सुधार लाने का प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की राशन दूकानों में भर्रा मचा हुआ है। पीओएस मशीन के बावजूद कार्डधारी उपभोक्ता को पर्याप्त गल्ला नहीं मिल पा रहा है। जहां रजिस्टर संधारण के माध्यम से खाद्यान्न आवंटन किया जाता है वहां भी फर्जी संधारण कर मनमानी की जा रही है। ज्ञातव्य है कि चालू मार्च माह में प्रत्येक हितग्राही को तीन माह का राशन दिए जाने का निर्देश है लेकिन जानकारी मिली कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी भी दूकानें हैं जहां कार्डधारी को मात्र एक माह का या दो माह का गल्ला दिया जा रहा है। पूर्व की तरह इस बार भी हितग्राही को बताया जा रहा है कि उसके नाम से इस बार इतना ही गल्ला एलाट हुआ है। सूत्रों ने बताया कि राशन दूकानों पर कड़ाई करने की बजाय आपूर्ति विभाग के अधिकारी घालमेल कर वसूली कर रहे हैं।

राशन दूकानों में गड़बड़ी

जिले में राशन की उचित मूल्य दूकानों की संख्या लगभग 410 है। इसमें 3 सौ से भी अधिक दूकाने ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हैं। यद्यपि सभी जगह आवंटन के लिए पीओएस मशीन का उपयोग किया जाता है लेकिन उसमें भी हेरफेर की जा रही है। मशीन में आंकड़ा तो पूरा दर्शाता है लेकिन उपभोक्ता को गल्ला कम मिलता है। जहां मशीन काम नहीं करती वहां पुरानी पद्धति से रजिस्टर संधारित कर वितरण किया जाता है। उसमें तो और भी गड़बड़ी की जा रही है। शायद ही ऐसा कोई महीना होगा जबकि वितरण में शुचिता बरती गई होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में तो कहना ही क्या स्वयं संभाग मुख्यालय की दूकानों जैसे पुरानी बस्ती वार्ड नंबर 29, गैस एजेंसी के समीप स्थित वार्ड नंबर 10 की दूकान जिसमें एक बार कार्रवाई भी हो चुकी है इसी तरह की दूकानें हैं। धनपुरी वार्ड नंबर 15 की दूकान, ग्रामीण क्षेत्रों में बरमनियां, कोटमा,धुरवार, पचगांव, मझगवां, चुहरी आदि कई ऐसी दूकानें हैं जहां से गड़बड़ी की शिकायतें मिलती रहतीं हैं।

इसलिए तीन माह का गल्ला देने का निर्देश

बताते हैं कि गोदामों में गल्ला भण्डारित करने जगह नहीं है इसलिए राशन दूकानों से उपभोक्ताओं को अभी से तीन तीन माह का गल्ला दिया जा रहा है। इस तरह के वितरण में विक्रेताओं की चांदी हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को जानकारी नहीं है कि उन्हे इस माह तीन महीने का गल्ला मिलना चाहिए। दूकानदार जिसका लाभ उठा रहे हैं। मीडिया टीम को भ्रमण के दौरान कई ऐसी दूकाने भी मिलीं जहां स्टाक संधारण को सार्वजनिक नहीं किया गया था।

बीओटी सड़कों के निर्माण की गुणवत्ता और उनके रख-रखाव की निगरानी हो

मुख्यमंत्री कमल नाथ की अध्यक्षता में म.प्र. सड़क विकास निगम की संचालक मंडल की बैठक

भोपाल बायपास रोड टोल प्लाजा को निलंबित करने के निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने बीओटी के तहत बनने वाली सड़कों के निर्माण की गुणवत्ता और उनके रख-रखाव पर निगरानी रखने को कहा है। उन्होंने कहा कि गड़बड़ी पाए जाने पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश आज मंत्रालय में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम की 39वीं संचालक मंडल की बैठक में दिए। बैठक में बीओटी के तहत प्रस्तावित 957.19 किलोमीटर लम्बी लगभग 3000 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली 12 सड़कों को स्वीकृति प्रदान की गई। लोक निर्माण मंत्री श्री सज्जन सिंह वर्मा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए यह जरूरी है कि बेहतर सड़कें हों। इससे जहाँ एक ओर आर्थिक गतिविधियाँ बड़ती हैं वहीं पर्यटन की संभावनाएँ भी विकसित होती हैं।

उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि सड़कों के निर्माण में प्रोटोकॉल का पालन हो और उनका मेंटेनेंस भी किया जाए। मुख्यमंत्री ने मुबारकपुर से मिसरोद 45 किलोमीटर भोपाल बायपास रोड पर स्थित टोल नाके का रख-रखाव ठीक ढंग से न होने पर उसे निलंबित करने के निर्देश दिए। यह टोल नाका अब मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन द्वारा संचालित किया जाएगा। बैठक में सीएसआर के अंतर्गत भोपाल, देवास, छिंदवाड़ा और ओरछा में आम लोगों के लिए 1 करोड़ 69 लाख रूपए की लागत से लायब्रेरी खोलने एवं फास्ट ट्रेक सिस्टम को स्टेट टोल प्लाजाओं पर लागू करने के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में भोपाल-देवास रोड मार्ग का चयन किया गया। बैठक में बीओटी के तहत हरदा से खण्डवा, देवास-उज्जैन-बड़नगर-बदनावर, रीवा-बेहरी, बेहरी से शहडोल, रायसेन-गैरतगंज, राहतगढ़, रतलाम-झाबुआ, गोसला-महिदपुर-गोगापुर, चाँदला-सरवई, गौरीहार, मातोन्ड, मलेहरा-लोंडी-चाँदला-अजयगड़, होशंगाबाद-पिपरिया, होशंगाबाद-टिमरनी और सिवनी-बालाघाट मार्ग के निर्माण की मंजूरी दी गई। बैठक में मुख्य सचिव श्री एस.आर. मोहंती, अपर मुख्य सचिव वित्त श्री अनुराग जैन, प्रमुख सचिव लोक निर्माण श्री मलय श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव नगरीय विकास श्री संजय दुबे एवं मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक श्री सुदाम.पी. खाड़े उपस्थित थे।

■ न्यूज गैलरी

भाजपा तलाश रही, आखिर कहां हुई रणनीति में चूक

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी की रणनीति में कहां चूक हुई, पार्टी इसकी पड़ताल कर रही है। पार्टी को यह भी संदेह है कि उसके ही घर में मौजूद किसी विभीषण के कारण उसे आपरेशन कमल में मुंह की खाना पड़ी। पिछले महीने की आठ फरवरी से ही भाजपा इस तैयारी में जुटी हुई थी कि प्रदेश में सवा साल से काबिज सरकार को हटाया जाए। इसी मंशा के साथ भाजपा ने पहले निर्दलीय और फिर कांग्रेस के घर में सेंध लगाई। पार्टी के रणनीतिकारों ने बारबार दिल्ली के दौरे किए तो कहीं न कहीं इसकी भनक कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह को लगी और उनके खुफिया तंत्र ने भाजपा के सपनों पर पानी फेर दिया। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने सबसे पहले विधायकों की हार्स ट्रेडिंग का आरोप लगाया तो सभी ने हल्के में लिया।भाजपा भी कांग्रेस नेता के बयान में छिपी कहानी पड़ने में सफल नहीं रही। अंदरखाने के सूत्र बताते हैं कि भाजपा के नेता दिल्ली में खुलकर घूम रहे थे, यही उनकी कमजोरी बना। कांग्रेस ने खुफिया तंत्र को भाजपा नेताओं के पीछे लगाया, जिससे उसे भनक लगी कि भाजपा ने होटल में सरकार गिराने के लिए साजो समान संजो लिया है। बस यहीं से मामला पलटा। मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अपने मंत्री भेजे और रातों रात भाजपा के अरमानों पर पानी फेर दिया। हालांकि अभी भी कांग्रेस के तीन विधायक गायब है, सूचना है कि ये तीनों बेंगलुरु में हैं। उधर भाजपा और कांग्रेस एक-दूसरे के विधायकों के संपर्क में होने की बात बार-बार कह रहे हैं।

226 करोड़ की संपत्ति का मालिक है ये भाजपा विधायक, दिग्विजय ने बताया- मास्टर माइंड

भोपाल। मध्यप्रदेश के सियासी ड्रामे के बीच मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने एक बार फिर से ट्वीट किया है। दिग्विजय सिंह ने इस ट्वीट में मध्यप्रदेश में सियासी खेल के मास्टर मांइड के नाम का खुलासा किया है। इसके साथ ही उन्होंने उन विधायकों का आभार भी जताया है वो वापस आ गए हैं। दिग्विजय सिंह ने इस पूरे सियासी घटनाक्रम में संजय पाठक के नाम का खुलासा किया है।

क्या कहा दिग्विजय सिंह ने?

मध्य प्रदेश में भाजपा की हॉर्स ट्रेडिंग खुल कर सामने आ गयी। लेकिन उनके मंसूबे पूरे नहीं हुए। सभी विधायकों को आभार। भाजपा में इस हॉर्स ट्रेडिंग के लिये जम्मिेदार, शिवराज चौहान, नरोत्तम मिश्रा, संजय पाठक, विश्वास सारंग और भूपेन्द्र सिंह। मोदी-शाह जी काला धन आप की पार्टी में ही है आप विदेशों में कहां ढूंढते हो।

कौन हैं संजय पाठक

संजय पाठक कटनी जिले की विजयराघौगढ़ विधानसभा सीट से भाडजपा विधायक हैं। 2008 और 2013 में उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर इस सीट में जीत दर्ज की थी। इसके बाद 2014 में उन्होंने पार्टी छोड़ दी और भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज की। शिवराज सरकार में वो राज्यमंत्री भी रहे। वहीं, 2018 का चुनाव उन्होंने भाजपा की सीट पर लड़ा और जीत दर्ज की।

226 करोड़ की संपत्ति

2018 के विधानसभा चुनाव में संजय पाठक जो चुनावी शपथ पत्र में अपनी संपत्ति करीब 226 करोड़ रुपए दिखाई थी। वहीं, यह भी कहा जा रहा है कि मध्यप्रदेश में जिन विधायकों को बंधक बनाया गया है

प्रशासन की लापरवाही सामने आई, लापता व्यक्ति का खदान में मिला शव

गांधी नगर थाना क्षेत्र के शांति नगर खदान में मिला मुकेश अहिरवार का शव

नवप्रदेश संवाददाता

भोपाल। राजधानी के गांधी नगर थाना क्षेत्र से कुछ दिन से लापता हुए 40 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला। मृतक की पहचान मुकेश अहिरवार के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि खदान के पास में मृतक का चप्पल और मोबाइल मिला था। शंका होने पर परिजनों ने गोता खोरों को बुलाकर की तलाश की गई। नगर निगम के गोताखोर फैजुल्ला, इमरान शेख, आसिफ, आमिर ने 3 घन्टे की मशक्कत के बाद शव को खोज निकला।

मामले का खुलासा कर लिया जाएगा

परिजनों ने बताया कि बुधवार की शाम खदान के पास मुकेश का चप्पल और मोबाइल मिला था। चप्पल और मोबाइल मिलने के बाद शंका हुई तो गोताखोरों को बुलाकर खदान में खोज गया। 3 घन्टे की मशक्कत के बाद मुकेश का शव गोताखोरों ने निकाला।

आत्महत्या की या किसी ने किया मर्डर

मृतक मुकेश अहिरवार के मौत का कारण अज्ञात है। पुलिस का कहना है कि मुकेश ने आत्महत्या की है या किसी ने उसका मार्डर किया है इसकी जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

खदान में कई लोग की मौत हो चुकी है

बताया जा रहा है कि एयरपोर्ट रोड पर फ्लाईओवर निर्माता ट्रॉन्स्ट्रॉय कंपनी ने लीज पर ली थी खदान। खदान बन्द करने के बाद सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए। और न हीं है खदान में बाउंड्री आदि करवाई गई। लोगों का कहना कि इसके पहले भी खदान में कई लोग की मौत हो चुकी है।

मामला की जांच शुरू कर दी

लोगों का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही सामने आई है। पहले भी घटना होने के बाद भी प्रशासन ने सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए। थाना गांधी नगर पुलिस ने मामला की जांच शुरू कर दी है।पुलिस का कहना है कि मृतक के शव का पीएम कराया जा रहा है जल्दी पता लगा लिया जाएगा कि मुकेश अहिरवार की मौत किस कारणों से हुई है।

कोच और डायरेक्टर की शिकायत के बाद विश्वविद्यालय में हंगामा, एनएसयूआई और एबीवीपी आए आमने- सामने

कोच के बाद छात्रा ने डायरेक्टर के खिलाफ की भद्दे कमेंट की शिकायत

छात्रा ने कुलपति से कहा- शिकायत करने पर किया गया था प्रताड़ित

भोपाल। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) में डायरेक्टर और कोच के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के मामले में एनएसयूआई और एबीबीपी आमने-सामने आ गए। भारी हंगामें के बीच बीयू में भारी पुलिसबल तैनात किया गया है। एनएसयूआई ने छात्रा पर कोच और डायरेक्टर को फंसाने का आरोप लगाया है। दोनों छात्र संगठनों में झूमाझटकी की खबर है। गौरतलब है कि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) में बुधवार को एक और विवाद सामने आया है। बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन (बीपीएड) की एक छात्रा ने संचालक अखिलेश शर्मा के खिलाफ अभद्र कमेंट करने की शिकायत की है। इस छात्रा ने कुलपति को यह शिकायत की है। तीन दिन पहले भी एक छात्रा ने कोच द्वारा छेड़छाड़ करने की शिकायत की थी। उसी छात्रा ने बुधवार को कोच पर धमकाने का आरोप भी लगाया। इस छात्रा ने शिकायत में कहा है कि जब मैं बीपीएड के प्रथम सेमेस्टर में थी, तब तत्कालीन डायरेक्टर ने मेरी पर्सनेलिटी के ऊपर बहुत ही भद्दे कमेंट किए थे। जब मैंने आवाज उठाई तो उन्होंने मुझे परेशान करना शुरू कर दिया। मुझे प्रेक्टिकल और थ्योरी कम नंबर दिए।

10 साल बाद बोर्ड पैटर्न पर शुरू हुई पांचवीं और आठवीं की परीक्षाएं

नवप्रदेश संवाददाता

भोपाल। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा संचालित पांचवीं एवं आठवीं कक्षा की परीक्षा शुरू हो गई हैं। 10 साल बाद इन दोनों कक्षाओं की परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर ली जा रही हैं। ये परीक्षाएं 27 मार्च तक जारी रहेंगी। पांचवीं की परीक्षा का समय दोपहर 1.30 से शाम 4 बजे तक एवं आठवीं कक्षा का समय दोपहर 1.30 से शाम 4.30 बजे तक तय किया गया है। प्रदेश भर में 31 हजार 517 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। दोनों कक्षाओं में परीक्षार्थियों की संख्या 15 लाख से ज्यादा है। परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी न हो, इसके लिए चार उड़नदस्ते बनाए गए हैं। भोपाल जिले में परीक्षा के लिए 387 केंद्र बनाए गए हैं, इसमें 21 हजार विद्यार्थी शामिल हुए। 2009 तक छात्रों को पासिंग मार्क्स देकर अगली कक्षा में प्रमोट किया जाता था। नई व्यवस्था के तहत ऐसे छात्र जो मुख्य परीक्षा में फेल हो जाते हैं, उन्हें अतिरिक्त क्लास की सुविधा दी जाएगी। हालांकि अगर इसके बाद भी वे फेल होते हैं तो उन्हें अगली कक्षा में प्रमोट नहीं किया जाएगा। उन्हें उसी कक्षा में दोबारा पढ़ना होगा। जिला परियोजना समन्वयक प्रभाकर श्रीवास्तव ने बताया कि अधिकारियों की निगरानी में परीक्षा के लिए प्रश्न-पत्र जनशिक्षा केंद्र पर रखे गए थे। परीक्षा शुरू होने के एक घंटे पहले प्रश्न-पत्र स्कूलों में पहुंचाए गए।

कार्यक्रम...

भोपाल (नवप्रदेश)। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री सचिन यादव ने उज्जैन जिले की खाचरौद तहसील मुख्यालय पर जय किसान फसल ऋण माफी योजना कार्यक्रम में पात्र किसानों को ऋण माफी प्रमाण पत्र प्रदान किये।

छिंदवाडा और सागर में खुलेंगे नए रेशम कार्यालय

भोपाल। प्रदेश के छिन्दवाड़ा एवं सागर में नए जिला रेशम कार्यालय प्रारंभ होंगे। इनसे इन जिलों के नवीन हितग्राही प्रमुखत~ जनजाति के कृषक रेशम गतिविधियों से जुड़ सकेंगे। इसी साल केन्द्रीय रेशम बोर्ड के सहयोग से करीब सवा 2 करोड़ की लागत से नरसिंहपुर जिले के देवरीकला क्षेत्र में एक नवीन ग्रेनेज भवन की स्थापना की जा रही है। कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री हर्ष यादव ने बताया कि इंदौर स्थित प्रशिक्षण भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। मंत्री श्री यादव ने बताया कि इस वित्त वर्ष में अब तक विभिन्न प्रशिक्षण के माध्यम से करीब 4 हजार हितग्रहियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

शादी का लालच देकर नाबालिग का अपहरण कर ज्यादती की, 3 आरोपियों को 10-10 साल की सजा

नसरुल्लागंज। 14 वर्षीय नाबालिग को शादी का लालच देकर अपहरण कर ज्यादती करने वाले तीन आरोपियों को न्यायालय ने 10-10 साल की सजा व अर्थदंड से दंडित किया है। 5 जुलाई 2017 को फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 16 साल की बालिका व 14 साल का बालक गांव के शाहरूख मियां की मारूति वेन से नसरुल्लागंज स्कूल में पढ़ने जाते थे। घटना के दिन शाहरूख ने नाबालिग बालिका को स्कूल न छोड़ते हुए उसे कहीं ले गया। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी शाहरूख के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने नाबालिग को महाराष्ट्र से अपने कब्जे में लिया। छात्रा ने पुलिस को बताया कि घटना वाले दिन आरोपी राजा व शाहरूख बाइक पर बैठाकर उसे होशंगाबाद शाबिर उर्फ साबर के पास ले गए थे। यहां आरोपी शाबिर शादी के लिए उसे बहला फुसलाकर नागपुर ले गया और ज्यादती की। मंगलवार को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश डीआर दुबेला ने अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों से सहमत होने के बाद आरोपी साबिर उर्फ साबर पुत्र अनवर खां निवासी छीपानेर को धारा 376 में 10 वर्ष का कारावास व 2 हजार का अर्थदंड, धारा 363 में 3 वर्ष सश्रम कारावास, धारा 366 में 3 वर्ष व धारा 6 पाक्सो एक्ट में 10 वर्ष की सजा सुनाई।

जिले के थानों में कार्यशाला आयोजित कर दी वन स्टाप के संबंध में जानकारी

नवप्रदेश संवाददाता

रायसेन। महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने वन स्टाप सेंटर की प्रशासक सीमा पटेल के निर्देशन में जिले के थानों में कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वन स्टाप सेंटर की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में बताया गय कि वन स्टाप सेंटर द्वारा किस तरह से प्रताड़ित महिलाओं को सुरक्षा प्रदान की जाती है। हिंसा से पीड़ित, शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक रूप से प्रताड़ित महिलाओं को उनकी काउंसलिग कर उनके परिजनों से सामंजस्य बिठाकर उनकी हर संभव मदद की जाती है। वन स्टाप सेंटर में महिलाओं को आश्रय सुविधा का भी लाभ दिया जाता है। यहां कानूनी से लेकर स्वास्थ्य, न्यायालय सहित तमाम सुविधाएं महिलाओं को एक ही छत के नीचे मुहैया कराई जाती हैं। महिलाओं में स्वविवेक की क्षमता को बढ़ाने का कार्य किया जाता है

एप्लास्टिक एनिमिया कैंसर से भी भयावह बीमारी है - डॉ. ए. के. द्विवेदी

एक दिवसीय नि:शुल्क एप्लास्टिक एनिमिया अवेयरनेस सेमिनार संपन्न

कलेक्टर लोकेश जाटव रहे मुख्य अतिथि

एम.जी.एम मेडिकल कॉलेज की बायोकैमेस्ट्री डिपार्टमेंट की प्रोफेसर डॉ. संगीता पानेरी ने भी लोगों को जागरूक किया

इंदौर/नवप्रदेश। एप्लास्टिक एनिमिया एक ऐसा रोग है जो जन्म के बाद होता है और यही वजह है कि यदि समय पर ध्यान दिया जाए और सही तरह से उपचार करा लिया जाए तो इसे होने से भी रोका जा सकता है और इसके होने पर उपचार भी सही ढंग से किया जा सकता है। एप्लास्टिक एनिमिया कैंसर से भी भयावह बीमारी है क्योंकि इसमें रोगी को बार-बार रक्तादान की आवश्यकता होती है। बार-बार रक्तादान कराना भी जटिल है और यदि बोनमैरो ट्रांस्प्लांट के जरिए इसे ठीक किया जाता है तो वह बहुत महंगा उपचार साबित होता है, जो कि हर किसी के लिए संभव नहीं है। इसलिए वक्त रहते सही जांच और सही उपचार से इस समस्या से बचा जा सकता है। यह बात प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. ए. के. द्विवेदी ने आयुष मेडिकल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा 3 मार्च 2020 को एक दिवसीय निःशुल्क एप्लास्टिक एनिमिया अवेयरनेस सेमिनार में कही। इस सेमिनार का उद्घाटन कलेक्टर श्री लोकेश जाटव ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम का संचालन कोमल द्विवेदी एवं अनुपम श्रीवास्तव ने किया, अतिथि स्वागत श्रीमती सरोज द्विवेदी ने किया, आभार डा भूपेन्द्र गौतम जी ने किया ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लाट नंबर-3, नेशनल प्रेस एरिया, लिंक रोड नं-3 ,पत्रकार कॉलोनी के पास से मुद्रित कर, ई-2/237 अरेरा कालोनी भोपाल से प्रकाशित, प्रबंध संपादक डॉ. शिशिर उपाध्याय,
फोन नं : 0755-2465533, मो. 9039005699 (न्याय क्षेत्र भोपाल), MPHIN/2017/72749 email:navpradeshbhopal@gmail.com